रोहतक
रविवार, 28 अप्रैल, 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी/पंचमी वर्ष : 28, अंक : 91
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 37.4
न्यून. 21.4

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



तीरंदाजी वर्ल्ड कप : ज्योति की स्वर्णिम हैट्रिक, भारत ने कंपाउंड वर्ग में जीते पांच पदक

03

Aakash
Medical | IIT-JEE | Foundations

श्रेष्ठ परिणाम हर बार, लगातार
JEE (MAIN) 2024

Karnataka Topper — AIR 1st — AIR 34 All India Female Topper — 100 Percentile Overall — Sanvi Jain, 4 Yr. Classroom
Telangana Topper — AIR 15 — 100 Percentile Overall — M. Sai Divya Teja Reddy, 2 Yr. Classroom
Telangana Topper — AIR 19 — 100 Percentile Overall — Rishi Shekher Shukla, 2 Yr. Classroom
Punjab Topper — AIR 25 — 100 Percentile Overall — 100 Percentile in Phy. & Maths — Rachit Aggarwal, 4 Yr. Classroom
AIR 65 — 100 Percentile in Phy. & Chem. — 99.99 Percentile — Sri Ram A, 2 Yr. Classroom
AIR 72 — 100 Percentile in Phy. & Maths — 99.99 Percentile — Krishna Sai Shishir Vuppala, 4 Yr. Classroom
AIR 81 — 100 Percentile in Physics — 99.99 Percentile — Agrim Bhanot, 2 Yr. Classroom

सभी रैंक की जांच करने के लिए कोड को स्कैन करें और देखें कि हमारे टॉपर्स का क्या कहना है।

13485#
(12527 क्लासरूम + 958 डिस्टेंस व डिजिटल)
#Still Counting
आकाशियन्स क्वालिफाइड JEE (Adv.) 2024 के लिए
1293 99 व इससे अधिक पर्सेन्टाइल
9 टॉप 100 AIR में
52 टॉप 500 AIR में
*1 out of 3 Aakashians gets a Top College
*As per count of total Aakashians appeared in JEE 2024

आकाश हरियाणा (क्लासरूम प्रोग्राम) से हमारे टॉप परफॉरमर्स

हमारा हरियाणा टॉपर — AIR 177 — 100 Percentile in Maths — 99.99 Percentile — Hardik Aggarwal, 2 Yr. Classroom
AIR 314 — 100 Percentile in Maths — 99.98 — Manuj, 2 Yr. Classroom
AIR 716 — 100 Percentile in Maths — 99.96 — Jashan Mittal, 4 Yr. Classroom
AIR 858 — 99.95 — Bhavi Goyal, 4 Yr. Classroom
AIR 1228 — 100 Percentile in Maths — 99.93 — Vyom Dwivedi, 4 Yr. Classroom
AIR 1370 — 100 Percentile in Physics — 99.92 — Ekamjot S Sandhu, 2 Yr. Classroom
AIR 1391 — 99.92 — Akshit, 2 Yr. Classroom
AIR 1407 — 99.92 — Jashan Jindal, 2 Yr. Classroom
AIR 1511 — 100 Percentile in Chemistry — 99.91 — Ayush Rana, 3 Yr. Classroom
AIR 1545 — 99.91 — Sarang Gilhotra, 2 Yr. Classroom
AIR 1925 — 99.88 — Himank, 4 Yr. Classroom
AIR 1960 — 99.88 — Krish Bansal, 4 Yr. Classroom
AIR 2160 — 100 Percentile in Physics — 99.87 — Arpit, 2 Yr. Classroom
AIR 2247 — 99.86 — Janhvi Mittal, 2 Yr. Classroom
AIR 2661 — 99.84 — Daksh Goyal, 3 Yr. Classroom
AIR 2715 — 100 Percentile in Physics & Chemistry — 99.83 — Himansh Chawla, 4 Yr. Classroom
AIR 2729 — 99.83 — Aman Kumar, 2 Yr. Classroom
AIR 2742 — 99.83 — Gurarpan Singh, 2 Yr. Classroom
AIR 2766 — 99.83 — Rishit Barala, 4 Yr. Classroom
AIR 2810 — 99.83 — Agam Panjeta, 4 Yr. Classroom
AIR 3188 — 99.80 — Nikhil Lohan, 3 Yr. Classroom
AIR 3424 — 99.79 — Aakarshit, 2 Yr. Classroom
AIR 3572 — 100 Percentile in Physics — 99.78 — Dev Gulati, 3 Yr. Classroom
AIR 3890 — 99.76 — Punya Bindlish, 1 Yr. Classroom
and many more...

Though every care has been taken to publish the result, yet Aakash Educational Services Ltd. shall not be responsible for inadvertent error, if any.

प्रवेश प्रारम्भ

कक्षा 8वीं-10वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए
इन्टीग्रेटेड कोर्सेज
School Boards / Olympiads / NTSE

कक्षा 10वीं से 11वीं में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए
2 वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्सेज
JEE / NEET

कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए
1 वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्सेज
JEE / NEET

आज ही प्रवेश लें! बैचेस शुरू हो चुके हैं।

रिपीटर / ड्रॉपर बैचेस
JEE / NEET 2025 (कक्षा 12वीं की परीक्षा दे चुके / उत्तीर्ण छात्रों के लिए)

iACST
इंस्टेन्ट एडमिशन व स्कॉलरशिप टेस्ट में भाग लें।
90% तक स्कॉलरशिप* प्राप्त करें
नि:शुल्क नामांकन के लिए: iacst.aakash.ac.in पर जाएं या दिए गए कोड को स्कैन करें।
*नियम व शर्तें लागू

21 ब्रांचेज़ हरियाणा में

**Call Your Nearest Branch:** **Ambala:** 8800012946, 9354580243 **Bahadurgarh:** 8800901820, 9540254952 **Bhiwani:** 8800012950, 9315141659 **Faridabad (Sec-16):** 8800013022 **NIT Faridabad:** 8800729482, 8448799013 **Gurugram: (Sector-14):** 8800840109, 9958064196 **Gurugram: (Sector-49):** 8800845034, 9289514345 **Hisar:** 8800013035, 9541421004 **Jind:** 8800792651, 9289149595, 9289126149 **Kaithal:** 8800012949, 8448489650 **Karnal:** 8800012947, 8448489652 **Kurukshetra:** 8800013036, 9355378720 **Narnaul:** 8800013042, 9599289824, 9599289826 **Palwal:** 8800013038 **Panchkula:** 8800013039, 7876866442, 9289368821 **Panipat:** 8800013040, 7082000620 **Rewari:** 9053008274, 9053008275 **Rohtak:** 8800013037, 9355377057 **Sirsa:** 8448289956, 9355378249 **Sonipat:** 8800898137, 9289738918 **Yamuna Nagar:** 8800012945, 8448489651

SCAN FOR NEAREST BRANCH

CALL (TOLL-FREE): 1800-102-2727
VISIT: aakash.ac.in
For Franchise Enquiry: Email ID: franchise@aesl.in
Aakash Medical | IIT-JEE | Foundations


रोहतक
रविवार, 28 अप्रैल, 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी/पंचमी वर्ष : 28, अंक : 91
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 37.4
न्यून. 21.4

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



03 मैकगुर्क ने 27 गेंद में ठोके 84 रन दिल्ली की मुंबई पर शानदार जीत







नई पहल

*लोकसभा चुनाव में 19 विधानसभाओं में होगा ट्रायल*

# हरियाणा में पहली बार यूज होगा वोटर इन क्यू एप, पोलिंग बूथ पर भीड़ की मिलेगी जानकारी

मिलेगी राहत

*मतदाताओं को वोट डालने के लिए इंतजार नहीं करना होगा*


**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश में पहली बार लोकसभा चुनाव में 'वोटर इन क्यू' मोबाइल एप यूज किया जाएगा। इस बार होने जा रहे लोकसभा चुनाव में इस एप का ट्रॉयल होगा। शुरुआती दौर में 19 विधानसभाओं में इसका ट्रॉयल किया जा रहा है। यह प्रयोग यदि सफल रहा तो इसी साल होने वाले विधानसभा चुनावों में सभी 90 विधानसभाओं में इसे लागू किया जाएगा। इस एप का सबसे बड़ा लाभ यह है कि मतदाताओं को वोट डालने के लिए अधिक समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकेंगे।

### यहां होगा ट्रायल

इस बार करनाल, गुरुग्राम, रोहतक, बहादुरगढ़, कैथल, झज्जर, रेवाड़ी, नारनौल, नूंह, पलवल, फरीदाबाद, बड़खल, पंचकूला, अंबाला कैंट, अंबाला सिटी, यमुनानगर, थानेसर, पानीपत और सोनीपत में इसका ट्रायल किया जाएगा।

### मत प्रतिशत बढ़ेगा

इस एप से मतदान प्रतिशत बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) अनुराग अग्रवाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रहा है। 25 मई को होने वाले लोकसभा 2024 में मतदाता वोटिंग के दिन मतदान केंद्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकेंगे, जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान करने के लिए केंद्र पर जा सकते हैं।




### प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों पर मतदान का शेड्यूल

| चुनावी कार्यक्रम | तारीख |
|---|---|
| गजट अधिसूचना | 29 अप्रैल |
| नामांकन | 29 अप्रैल |
| नामांकन का अंतिम दिन | 6 मई |
| नामांकन की जांच | 7 मई |
| नामांकन वापसी | 9 मई |
| मतदान | 25 मई |
| परिणाम | 4 जून |

### हर आधे घंटे में अपडेट होगी जानकारी

वोटर इन क्यू मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। एप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा, जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है। बीएलओ हर एक घंटा या आधे घंटे बाद एप में बताएगा कि इस समय वोट डालने के लिए कितने लोग कतार में खड़े हुए हैं।

### प्रदेश में 1.99 करोड़ मतदाता

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में 26 अप्रैल तक नए मतदाताओं का पंजीकरण किया गया है। अभी तक प्रदेश में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 1 करोड़ 99 लाख 81 हजार 982 है। इनमें 1 करोड़ 6 लाख 4 हजार 276 पुरुष तथा 93 लाख 77 हजार 244 महिला मतदाता हैं। इसके अलावा, 462 ट्रांसजेंडर मतदाता भी पंजीकृत हैं।

## मिलिट्री, नेवी और एयरफोर्स अकादमी में एडमिशन देने की मांग

# सीडीएस के जरिये महिलाओं को सशस्त्र बलों में शामिल करे केंद्र

*दिल्ली हाईकोर्ट ने आठ सप्ताह में केंद्र से जवाब मांगा*

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र से संयुक्त रक्षा सेवाओं (सीडीएस) परीक्षा के माध्यम से भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए), भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) और भारतीय सशस्त्र बलों की वायु सेना अकादमी में महिलाओं के प्रवेश की मांग करने वाले एक प्रतिवेदन पर आठ सप्ताह में निर्णय लेने को कहा है। अदालत ने कुश कालरा की याचिका पर यह आदेश पारित किया, जिन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा भारतीय सशस्त्र बल की भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए), भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) और वायु सेना अकादमी और अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) में भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करने वाली दिसंबर 2023 की अधिसूचना को चुनौती दी थी।

### याचिकाकर्ता ने कहा-महिलाओं को जेंडर के आधार पर बाहर रखना गलत



#### पीठ ने यह कहा

दिल्ली हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत पीएस अरोड़ा ने संज्ञान लिया कि इस मामले में याचिकाकर्ता की याचिका अब तक संबंधित अथॉरिटी के पास पेंडिंग पड़ी है। जजों ने कहा कि हम केंद्र को आदेश दे रहे हैं कि वे 8 हफ्तों में कानून के तहत महिलाओं के रिप्रेजेंटेशन को लेकर कोई निर्णय लें। इस आदेश के साथ हम इस याचिका का निपटारा कर रहे हैं।

#### याचिकाकर्ता का तर्क

याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि अधिसूचना ने अनुचित रूप से महिलाओं को लैंगिक आधार पर आईएमए, आईएनए और आईएफए के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा में शामिल होने से बाहर कर दिया क्योंकि यह केवल उन्हें ओटीए में शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए विचार करने की अनुमति देता है। जब रक्षा मंत्रालय ने एनडीए एग्जाम में महिलाओं को एंट्री दे दी है और हर साल सेना में भर्ती होने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ रही है, तो सीडीएस एग्जाम के जरिए आईएमए, आईएनए और आईएएफ में महिलाओं की भर्ती न करने का कोई कारण नजर नहीं आता है।

#### यह समानता के अधिकार का हनन

याचिका में कहा गया कि योग्य महिला उम्मीदवारों को देश के सबसे बड़े ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स में ट्रेनिंग लेने का मौका न देना, उनके समानता के मौलिक अधिकार का हनन है। केंद्र सरकार उपयुक्त शिक्षा हासिल किए अविवाहित पुरुष उम्मीदवारों को सीडीएस परीक्षा देने और इंडियन मिलिट्री एकेडमी, इंडियन नेवल एकेडमी और एयर फोर्स एकेडमी जॉइन करने की अनुमति देता है। हालांकि, योग्य और इच्छुक महिला उम्मीदवारों को यही एग्जाम लेने की अनुमति नहीं दी जाती है। और इसके लिए कोई सही कारण भी नहीं बताया जाता है।

## अमेरिका में कार हादसा तीन भारतीय महिलाओं की मौत, एक गंभीर

**कैरोलिना (एजेंसी)।** अमेरिका में एक भीषण कार हादसे में 3 भारतीय महिलाओं की मौत हो गई। एक की हालत गंभीर है। हादसा साउथ कैरोलिना के ग्रीनविले काउंटी में शनिवार को हुआ। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तीनों महिलाएं गुजरात के आणंद जिले की रहने वाली थीं। इन महिलाओं का नाम रेखाबेन पटेल, संगीताबेन पटेल और मनीषाबेन पटेल है। हादसा उस वक्त हुआ, जब महिलाओं की एसयूवी कार हाईवे पर अनियंत्रित होकर पहले बैरिकेड से टकराई, फिर पुल से नीचे गिरकर पेड़ों में फंस गई। हादसा इतना भयानक था कि कार पुल से गिरने के बाद लगभग 20 फीट तक उछली थी।

> हाईवे के बैरिकैड से टकराकर 20 फीट उछली कार
> ■
> तीनों महिलाएं गुजरात के आणंद की रहने वाली थीं

#### तीनों देवरानी-जेठानी

मरने वाली तीनों महिलाएं एक ही परिवार से हैं। तीनों के बीच देवरानी-जेठानी का रिश्ता था। तीनों महिलाएं अमेरिका में अपने परिवार के साथ अलग-अलग रहती थीं। कार में चार महिलाएं थीं। ये अटलांटा से साउथ कैरोलिना जा रही थीं। हादसे के वक्त कार की स्पीड भी तेज थी। पुलिस फिलहाल कार की स्पीड की जांच कर रही है। घटनास्थल पर मौजूद कोरोनर माइक एलिस ने कहा कि कार ओवरस्पीड में चलाई जा रही थी। हवा में उछलकर नीचे गिरने के बाद कार के परखच्चे उड़ गए।

### खबर संक्षेप

#### एलेंजांद्रा मारिसा सबसे उम्रदराज मिस यूनिवर्स ब्युनस आयर्स बनीं



**वाशिंगटन।** एलेंजांद्रा मारिसा रोड्रिग्ज ने 60 साल की उम्र में मिस यूनिवर्स ब्यूनस आयर्स 2024 का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। एलेंजांद्रा ने इस उम्र में भी खुद को बहुत खूबसूरती से मेंटेन किया है। पेशे से वकील और पत्रकार एलेंजांद्रा ने 34 खूबसूरत महिलाओं को पीछे छोड़कर ये खिताब अपने नाम किया है। दरअसल, मिस यूनिवर्स ऑर्गनाइजेशन ने पिछले साल ही इस कॉन्टेस्ट के लिए उम्र सीमा को हटा दी थी। एजेंसी

#### आप विधायक अमानतुल्ला खान को जमानत मिली

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने आप विधायक अमानतुल्ला खान को ईडी के समन की अनदेखी करने के लिए एजेंसी द्वारा दायर किए गए एक मुकदमे में जमानत दे दी। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा ने अदालत में पेश होने के बाद खान को 15,000 रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की जमानत पर रिहा कर दिया। भाषा

#### सलमान मामले में चार पर मकोका लगाया

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोली चलाने के केस में गिरफ्तार चार आरोपितों पर मकोका लगा दिया गया है। साथ ही वांटेड गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई और जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई पर भी मकोका लगाया गया। अब मुंबई क्राइम ब्रांच चाहे, तो आरोपियों की 14 दिन के बजाय 30 दिन तक कस्टडी ले सकती है। एजेंसी

### गुजरात में एनसीबी ने 300 करोड़ की ड्रग जब्त की

## नशीली दवा बनाने वाली तीन गुप्त प्रयोगशालाओं का किया भंडाफोड़

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने ऑपरेशन प्रयोगशाला-1 के तहत की गई कार्रवाई में गुजरात पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते के साथ मिलकर गुजरात और राजस्थान में नशीली दवा बनाने वाली तीन अत्याधुनिक गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ कर 300 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की ड्रग जब्त की हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के मुताबिक, इस ऑपरेशन में गुजरात और राजस्थान में तीन अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ किया गया है। एनसीबी ने बताया कि इस मामले में अभी भी छापेमारी की जा रही है। रात भर चले इस मल्टीस्टेट ऑपरेशन में अब तक कुल 149 किलोग्राम मेफेड्रोन, 50 किलोग्राम एफेड्रिन और 200 लीटर एसीटोन जब्त किया गया है। इस मामले में सात लोग लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। एनसीबी ने मामले में कार्रवाई करते हुए सरगना की भी पहचान कर ली है।



#### दो माह पहले मिली थी एटीएस को सूचना

गुजरात के डीजीपी विकास सहाय ने इस मामले पर कहा कि करीब दो महीने पहले एटीएस को सूचना मिली थी कि दो लोग नशीला पदार्थ बनाने के लिए कहीं से कच्चा माल मंगा रहे हैं। वहीं, इस सूचना पर एनसीबी और एटीएस ने संयुक्त तौर पर चार जगहों पर छापेमारी की और कुल 230 करोड़ रुपए मूल्य के नशीले पदार्थ बरामद किए। मालूम हो कि मेफेड्रोन को 'म्याऊ म्याऊ' के नाम से भी जाना जाता है। यह एक सिंथेटिक उत्तेजक और मनोदैहिक पदार्थ है जो एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्रतिबंधित है। इसके सेवन से महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जोखिम पैदा होते हैं और लत और प्रतिकूल मानसिक स्वास्थ्य परिणाम हो सकते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में बोले केजरीवाल

## मैं रिहाई का हकदार, ईडी ने क्रूर तरीके से बर्ताव किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि ईडी ने शराब नीति घोटाले के तहत मनी लॉन्ड्रिंग केस में बेहद क्रूर तरीके से बर्ताव किया है। अपनी गिरफ्तारी को चैलेंज करने वाली याचिका पर ईडी की तरफ से दाखिल किए गए एफिडेविट पर केजरीवाल ने ये जवाब दाखिल किया है। इसमें उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा जांच में सहयोग किया है। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें किसी अधिकृत एजेंट के जरिए न बुलाया जाना या उनसे लिखित में या वर्चुअल मोड में जानकारी या डॉक्यूमेंट न मांगना और उन्हें फिजिकली मौजूद होने के लिए कहना क्या जरूरी था? केजरीवाल ने आगे कहा कि उनकी याचिका को अनुमति मिलनी चाहिए और वे रिहाई पाने के हकदार हैं।



#### ईडी ने कहा था, वे दोषी हैं

इससे पहले 24 अप्रैल को ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे में कहा कि कई बार समन भेजे जाने के बावजूद उन्होंने एजेंसी के साथ सहयोग नहीं किया। नौ बार समन मिलने के बावजूद केजरीवाल पूछताछ से बच रहे थे। उनके इसी रवैए से जांच अधिकारी को गिरफ्तारी की वजह मिली है। साथ ही जांच अधिकारी के पास मौजूद चीजों ने भी यह साबित करने में मदद की है कि वे दोषी हैं। केजरीवाल ने कहा कि रिकॉर्ड बता देंगे कि ईडी की तरफ से जरूरी जानकारी मांगते हुए भेजे गए हर एक समन का सही तरीके से जवाब दिया गया था, जिसे ईडी प्रिव्लेज या कॉन्फिडेंशियल नहीं कह सकता है।

### कुकी उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों के शिविर पर बम फेंका

## मणिपुर में उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद

> पहाड़ी की चोटियों से अंधाधुंध फायरिंग, दो जवान घायल
>
> सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई के बाद हमलावर भागे
>
> वोटिंग खत्म होने के कुछ घंटे बाद ही की गई वारदात

**इंफाल (भाषा)।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सुरक्षाबलों के एक शिविर पर शुक्रवार देर रात उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान शहीद हो गए और दो अन्य जवान घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने मोइरांग पुलिस थाना क्षेत्र के नारानसेना में आईआरबीएन (भारतीय आरक्षित वाहिनी) शिविर पर हमला किया। 'उग्रवादियों ने पहाड़ी की चोटियों से शिविर को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी की। गोलीबारी रात करीब साढ़े 12 बजे शुरू हुई और देर रात लगभग सवा दो बजे तक जारी रही। उग्रवादियों ने बम भी फेंके, जिनमें से एक बम सीआरपीएफ की 128 बटालियन की चौकी में फटा।'

#### इनकी जान गई

शहीद जवानों में सीआरपीएफ के उप-निरीक्षक एन. सरकार और हेड कांस्टेबल अरूप सैनी शसामिल हैं। सरकार कोकराझार जिले और सैनी बांकुरा जिले के मूल निवासी थे।

#### ये घायल हुए

हमले में निरीक्षक जादव दास और कांस्टेबल आफताब दास छर्रे लगने से घायल हो गए। दोनों घायल जवानों को इंफाल स्थित क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया है। वे खतरे से बाहर हैं।' सीआरपीएफ जवानों को आईआरबीएन शिविर की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था।

#### सीएम ने की घटना की निंदा

मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा, 'इस तरह की करतूत उन समर्पित सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ कायरता को दर्शाती हैं जो राज्य में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए दिन-रात अथक परिश्रम करते हैं। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा।'

### दुर्गापुर में घटना

## हेलीकॉप्टर में चढ़ते समय लड़खड़ाकर गिरीं ममता

**दुर्गापुर(एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को हेलीकॉप्टर में चढ़ने के दौरान लड़खड़ाकर गिर गईं। ये हादसा पश्चिम बर्धमान के दुर्गापुर में हुआ। ममता चुनाव प्रचार करने गई थीं। घटना का वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि ममता अपनी कार से निकलकर हेलीकॉप्टर में चढ़ रही थीं। उनका पैर स्लिप हो गया और वो गिर गईं। ममता के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें संभाला। हालांकि उन्हें हल्की चोट लगी है। घटना के बाद ममता ने अपनी चुनावी यात्रा जारी रखी। इसके पहले ममता बनर्जी 14 मार्च को कोलकाता में अपने घर में गिर गई थीं। उस समय उनके माथे में चोट आई थी। वर्धमान लोकसभा सीट पर टीएमसी के प्रत्याशी कीर्ति आजाद और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष के बीच मुकाबला है।



पिछले महीने घर में गिर जाने से माथे पर चोट लगी थी

### कसाब को फांसी दिलाई थी

## भाजपा ने मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से उज्ज्वल को उतारा

**मुंबई(भाषा)।** भाजपा ने मशहूर वकील उज्ज्वल निकम को मुंबई नॉर्थ सेंट्रल लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। निकम 26/11 मुंबई हमले के पाकिस्तानी आतंकी अजमल कसाब को फांसी दिला चुके हैं। निकम 1992 के मुंबई ब्लास्ट मामले में भी सरकारी वकील थे। भाजपा ने 2019 में मुंबई नॉर्थ सेंट्रल सीट से भाजपा नेता दिवंगत प्रमोद महाजन की बेटी पूनम को टिकट दिया था। पूनम अभी सांसद हैं। इस बार उनका टिकट काट दिया गया है। पूनम महाजन 2006 में पिता प्रमोद महाजन की हत्या के बाद भाजपा में शामिल हुई थीं। 2009 में पहली बार घाटकोपर वेस्ट से सांसद चुनाव लड़ीं, लेकिन हार गईं। 2014 में मुंबई नॉर्थ सेंट्रल सीट से उन्होंने कांग्रेस की प्रिया दत्त को हराया।



मौजूदा सांसद पूनम महाजन का टिकट कटा

### गजब कारनामा — पूर्वांचल विश्वविद्यालय का मामला, दो शिक्षक दोषी करार

*उत्तर पुस्तिका में सिर्फ जय श्री राम लिखा 56 फीसदी अंक मिले*

## चार छात्रों ने 'जय श्री राम' लिखकर उत्तीर्ण कर ली फार्मेसी की परीक्षा

भाषा ▶▶| जौनपुर

यूनी के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के फार्मेसी प्रथम वर्ष के चार छात्र अपनी परीक्षा की कॉपियों में केवल "जय श्री राम" और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ियों के नाम लिखकर भी 56 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हो गए। इस चौंकाने वाले मामले का खुलासा सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत विश्वविद्यालय के एक पूर्व छात्र द्वारा मांगी गई जानकारी के बाद हुआ। बुधवार को विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की बैठक में इसके लिए दो शिक्षकों डॉ. आशुतोष गुप्ता और डॉ. विनय वर्मा को दोषी ठहराया गया।

### आरटीआई के तहत मिली जानकारी में खुलासा




#### विवि के पूर्व छात्र ने दी जानकारी

विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र दिव्यांशु सिंह ने शनिवार को बताया कि जब उन्हें पता चला कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा संचालित डी.फार्मा पाठ्यक्रम के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के कुछ छात्रों को सही उत्तर न देने पर भी परीक्षा में उत्तीर्ण कर दिया गया है तो उन्होंने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत विश्वविद्यालय से जानकारी मांगी। दिव्यांशु ने कहा कि तीन अगस्त, 2023 को उन्होंने कुछ रोल नंबर देकर उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन की मांग की थी।

#### जांच में यह पर्दाफाश

जांच के दौरान, पाया गया कि चार अलग-अलग बार-कोड वाली कॉपियों में छात्रों ने केवल 'जय श्री राम' और विराट कोहली, रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या आदि जैसे खिलाड़ियों के नाम लिखे थे और उन्हें 75 में से 42 अंकों के साथ उत्तीर्ण किया गया जो 56 फीसदी प्राप्तांक हैं।

#### पैसे लेकर पास करने के आरोप

पूर्व छात्र ने इन तथ्यों के सामने आने पर राजभवन (राज्यपाल कार्यालय) को पत्र लिखकर एक प्रोफेसर पर पैसे लेकर छात्रों को पास करने का आरोप लगाया। उन्होंने सभी शिकायतें हलफनामे के साथ राजभवन को भी भेजी और राजभवन ने इसका संज्ञान लेते हुए 21 दिसंबर, 2023 को जांच और कार्रवाई का आदेश दिया था।

#### दोबारा जांच में शून्य अंक मिले

इस पर विश्व वविद्यालय ने जांच कमेटी गठित की और दो बाहरी परीक्षकों से कराए गए पुनर्मूल्यांकन में इन छात्रों को शून्य अंक मिले। परीक्षा नियंत्रक ने एक जांच समिति बनाकर मामले की जांच की, जिसने कुलपति को दी गई रिपोर्ट में दोनों शिक्षकों को दोषी ठहराया। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. वंदना सिंह ने बताया कि मामले की जांच के लिए बुधवार को परीक्षा समिति की बैठक बुलाई गई और इसमें फार्मेसी विभाग के दो शिक्षकों को गलत मूल्यांकन का दोषी माना गया है।

#### यह बोले कुलपति

कुलपति ने कहा दोनों शिक्षकों को कार्यमुक्त करने का निर्णय लिया गया है और अंतिम निर्णय के लिए इसे कार्यपरिषद के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।






## खबर संक्षेप

### नशेड़ी बेटे ने घर में लगाई आग

**सिरसा।** शहर के गौशाला मोहल्ला में एक नशेड़ी युवक ने अपने घर में आग लगा दी। जिससे घरेलू सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार गौशाला निवासी पप्पन राम मजदूरी करता है। पप्पन राम का कहना है कि उसका बेटा मोनू नशे का आदी है। कई दिनों से उसका बेटा मोनू कह रहा था कि वह मकान में शराब का ठेका खोलना चाहता है। घरवालों ने इसके लिए मना कर दिया। पप्पन का कहना है कि वह व उसकी पत्नी नैना फैक्टी में मजदूरी करते है।

### इन्वेस्टमेंट के नाम पर 53 लाख की ठगी, पांच धरे

**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी प्रभारी अमित कुमार की टीम ने शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर 53 लाख रुपए की ठगी की वारदात में शामिल देने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसीपी साइबर अभिमन्यु गोयत ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अंकित, शमीम, सौरभ, रोशन तथा दव्यांशु का नाम शामिल है।

### मोबाइल व बाइक चुराने का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** शक्ति फाउंडेशन द्वारा गांव फतेहपुर चंदीला चौपाल पर एक नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शक्ति फाउंडेशन द्वारा फरीदाबाद के विभन्नि क्षेत्रों में सर्वे के दौरान लोगों ने बताया कि आंखों का शिविर होना जरूरी है क्योंकि आंखें बहुमूल्य हैं और लोगों की आंखों में बहुत प्रॉब्लम आ रही थी।

### प्रॉपर यूनिफॉर्म और ऑटो में यूनिकोड के साथ करें ड्राइव

**फरीदाबाद।** डीसीपी ट्रैफिक उषा के नेतृत्व में आज बदरपुर बॉर्डर ऑटो स्टैंड पर मीटिंग लेते हुए निर्देश किया कि सभी ऑटो ड्राइवर लागू की गई ड्रेस, यूनिक कोड तथा नर्धिारित ऑटो स्टैंड पर ही ऑटो खड़ा करेगे। महिला सुरक्षा को देखते हुए पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक के द्वारा यातायात नियमों को सख्ती से लागू कराने के साथ सेफ सिटी के तहत आदेश जारी किए।

## अंबाला से दिल्ली पहुंचे पूर्व सेहत मंत्री अनिल विज पत्रकारों से हुए रूबरू

# पूर्व गृहमंत्री का खुलासा, करनाल से कांग्रेस उम्मीदवार बुद्धिराजा कानून का 'भगोड़ा'

- लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लहर नहीं, चल रही है सुनामी
- हरियाणा में 10 की 10 सीटों पर भाजपा विजय दर्ज करेगी
- कांग्रेस की अब टिकटें कमरे से बाहर आ गई है और इनकी लड़ाई भी आ गई है बाहर
- पार्टी के जो कर्ता-धर्ता हैं, वहीं जानते हैं कि बीरेन्द्र सिंह छोड़कर क्यों गए



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के पूर्व मंत्री अनिल विज ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को शेर की संज्ञा दी है। कांग्रेस पार्टी द्वारा करनाल में पूर्व सीएम मनोहर लाल के समक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा को चुनाव मैदान में उतारने पर विज ने हंसते हुए तंज कसा। मुख्यमंत्री आवास के सामने प्रदर्शन करने पर दर्ज हुआ था केस, अदालत ने भगोड़ा घोषित किया था कांग्रेस ने शेर के आगे गीदड़ डाल दिया। विज ने कहा कि हरियाणा में 10 की 10 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी विजय दर्ज करेगी। मोदी की लहर नहीं, सुनामी चल रही है। इसके अलावा, कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि लोस चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम/टिकटों का फैसला करने में एक महीना लगा दिया है और दब कर इनकी लड़ाई होती रही है। अब टिकटें कमरे से बाहर आ गई है लड़ाई भी कमरें से बाहर आ गई हैं। विज शनिवार को नई दिल्ली में कांग्रेस नेताओं की टिकट कटने के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

### कांग्रेस की जंग जो अंदर होती रही वह चुनाव तक बाहर होती रहेगी

कांग्रेस के नेताओं द्वारा जगह जगह पर मोर्चा लगाने की बात सुन रहे है और सुना है किरण चौधरी भी मीटिंग कर रही है'। विज ने कहा कि 'बीरेन्द्र सिंह जी का भारतीय जनता पार्टी में पूरा सम्मान था लेकिन वो अपने निजी कारणों से टिकट के लिए ही शायद कांग्रेस में गए थे, परंतु उनको भी टिकट नहीं मिली है और वह भी कहीं पर मीटिंग कर रहे हैं'। विज ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि "ये इनकी जंग जो अंदर होती रही वह अब चुनाव तक बाहर होती रहेगी"।

### कई बार हक में कम और विरोध में कहने वाले ज्यादा होते हैं

श्रुति चौधरी की टिकट कटने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि "कांग्रेस की हाईकमान ने कई चीजों को यकीनी तौर पर देखा होगा। कई बार हक में कहने वाले कम हो जाते हैं और विरोध में कहने वाले ज्यादा हो जाते हैं"। बृजेन्द्र सिंह को लोकसभा सीट न मिलने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष उदय भान के ब्यान कि आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें एडजस्ट किया जाएगा, के बारे में पूछे जाने पर विज ने कटाक्ष करते हुए कहा कि "ऐसा है, कि टुकडा डालकर ही रखते हैं, क्या करेंगे, क्या नहीं करेंगे- आज क्या कर दिया और कल क्या करेंगे अर्थात कोई न कोई लालच देकर ही रखेंगें और ऐसे ही पार्टियां चलाते हैं"।

### दिव्यांशु बेचारा कमजोर आदमी है पार्टी ने बलि का बकरा बना दिया

कांग्रेस पार्टी द्वारा करनाल में रिजेक्टेड मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा को चुनाव मैदान में उतार कर रिजेक्टेड मुख्यमंत्री को हराने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में विज ने हंसते हुए तंज कसा और कहा कि ये तो कांग्रेस ने शेर के आगे गीदड़ डाल दिया। बेचारा कमजोर आदमी है, पहले ही दिन उसका पता चला है कि वो पीओ हो रखा है"।

### मैं भगोड़ा नहीं हूं: बुद्धिराजा

बुद्धिराजा ने कहा कि सरकार हथकंडे अपना रही है। वह मेरे ऊपर 4 केस करवा चुके हैं। 8 साल से मैं खट्टर के साथ दो-दो हाथ कर रहा हूं। 174ए के ऊपर एफआईआर ही दर्ज नहीं हो सकती। इस बारे में जस्टिस मोहन लाल का फैसला है।

**केस खारिज करने के लिए याचिका डाली :** रात को टिकट अनाउंस होने के बाद सुबह 6 बजे मुझे पता चला कि मुझ पर केस दर्ज हुआ है। बेरोजगारी के खिलाफ हरियाणा के युवाओं के लिए फ्लैक्स बोर्ड लगाने के लिए मुझ पर केस दर्ज किया गया। हाईकोर्ट में केस खारिज करने के लिए याचिका डाली हुई है। इसकी मेंशनिंग अलाउड हो गई है। खट्टर घबरा गए हैं, इस वजह से ये सब किया जा रहा है। मैं भगोड़ा नहीं हूं, मैं तो सार्वजनिक तौर पर घूम रहा हूं। इस केस से मेरे नॉमिनेशन और चुनाव लड़ने पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। दो मुख्यमंत्रियों का घमंड भी चकनाचूर करूंगा।

## चंद्रमोहन ने बयां किया हिसार से टिकट कटने का दर्द

# 'कोशिश आखरी सांस तक करनी चाहिए, मंजिल मिले या तजुर्बा'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़


पोस्टर में भजनलाल, सोनिया, राहुल, प्रियंका तथा सैलजा का फोटो लगाया

हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के टिकट वितरण के बाद पार्टी के कई नेता आहत हैं। इस कड़ी में चंद्रमोहन ने एक्स पर पोस्ट करके अपना अपना दर्द बयां किया है। कहा, कोशिश आखरी सांस तक करनी चाहिए, मंजिल मिले या तजुर्बा, चीजें दोनों ही नायाब है। वहीं, हिसार सीट के लिए पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह भी दौड़ में थे। प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम चंद्रमोहन हिसार लोकसभा से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ना चाहते थे। उनके लिए पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने भी पुरजोर कोशिश की थी। जिसमें समीकरणों का हवाला भी दिया गया कि इस बार चौधरी भजनलाल परिवार से कोई व्यक्ति हिसार सीट पर नहीं है। पूर्व सीएम मनोहरलाल ने भ्रष्टाचार के बारे में पूर्व सीएम चौधरी भजनलाल को लेकर टिप्पणी की थी।

### अवैध शराब की तस्करी की रोकथाम के लिए बढ़ाई जाए सख्ती

**चंडीगढ़।** मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदाताओं को प्रलोभन के लिए अवैध शराब की तस्करी की रोकथाम के लिए सख्ती होनी चाहिए। जिला स्तर पर पुलिस कमिश्नर, डीसी, एसपी व आबकारी विभाग के अधिकारी फ्रंट में आकर माइक्रो लेवल तक इंटेलिजेंस बढ़ाए ताकि इन गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सके।

### 50 से अधिक नेताओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

**चंडीगढ़।** जैसे-जैसे वोटिंग का दिन नजदीक आ रहा है, हरियाणा कांग्रेस का कुनबा लगातार विस्तार लेता जा रहा है। इसी कड़ी में आज जजपा, इनेलो व अन्य दलों को छोड़कर 50 से अधिक नेताओं, पदाधिकारियों व सरपंचों ने कांग्रेस ज्वाइन की। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा की मौजूदगी में सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। रब्बू पंवार चरखी दादरी, डॉ. विजय सांगवान, प्रोफेसर सत्यपाल आर्य, बाढ़डा लीलू राम, ओमप्रकाश जटराणा, धर्मेंद्र बलकारा, बीसी सेल हलका अध्यक्ष बाढ़डा इनेलो दिलबाग नौसवा समेत 50 नेताओं ने अपने समर्थकों संग कांग्रेस का दामन थामा।

## कलायत के बालू में दर्दनाक हादसा

# आसमानी बिजली गिरने से युवक की मौत, कुछ दिन बाद होनी थी शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


खेतों में तूड़ी बनाने का कार्य करते समय हादसा

कलायत के गांव बालू में दर्दनाक हादसा सामने आया है। गांव बालू में आसमानी बिजली गिरने से 20 वर्षीय युवक की मौत हुई है। युवक परिवार का इकलौता बेटा था। उसका रिश्ता पक्का हो चुका था और कुछ दिन बाद शादी की तैयारी थी। बालू (रापड़िया) गांव का युवक संजू शुक्रवार शाम करीब साढ़े 7 बजे गांव में स्थित खेतों में तूड़ी बनाने का कार्य कर रहा था। जब वह चाय पीने के लिए खेत में बने एक मकान में आया तो अचानक आसमान से बिजली गिरी। आसमानी बिजली की चपेट में आने से वह झुलस गया। उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि संजू की कुछ दिन पहले ही सगाई हुई थी और कुछ दिन के बाद उसका विवाह होना था। परंतु इससे पहले ही दर्दनाक हादसे ने युवक को लील लिया। प्रत्यक्षदर्शियों अनुसार गांव में देर शाम में 5 युवक तूड़ी बनाने का काम कर रहे थे। संजू में उन युवकों में शामिल था। मकान में चाय पीने के लिए आया था।

# सिरसा में पत्नी के सिर में ईंट मारकर की हत्या

## घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिले के गांव हिम्मतपुरा में शुक्रवार देर रात को पति ने कहासुनी के बाद पत्नी के सिर पर ईंट से वार कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतका के बेटे हरप्रीत के बयान पर आरोपी सेवक सिंह के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से पंजाब मुक्तसर निवासी दलजीत कौर पिछले तीन माह से अपनी बहन परमजीत कौर के घर गांव हिम्मतपुरा में अपने दो बेटों हरप्रीत व जसप्रीत के साथ रह रही थी। दलजीत कौर की बहन परमजीत कौर पिछले कुछ दिनों से मलेशिया में रह रही है और उसकी बेटी अपनी मौसी दलजीत कौर के साथ अपने ही घर में रहती है। बताया जाता है कि सेवक सिंह अपने छोटे बेटे जसप्रीत का जनम्दिन मनाने के लिए गांव हिम्मतपुरा में आया था। 25 अप्रैल को सेवक सिंह भी हिम्मतपुरा आ गया। शुक्रवार देर रात सेवक सिंह ने पत्नी दलजीत कौर को गांव लौटने के लिए कहा। जिसको लेकर काफी कहासुनी हो गई। दलजीत कौर के मना करने पर तैश में आए सेवक सिंह ने ईंट से दलजीत कौर के सिर में कई वार कर दिए।



### मतदाता जागरुकता के लिए गुरुग्राम में वोटर्स पार्क का मुख्य सचिव ने किया शुभारंभ

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने शनिवार को गुरुग्राम के विकास सदन परिसर में सीएसआर ट्रस्ट के सहयोग से बनाए गए वोटर पार्क का उद्घाटन किया। इस पार्क में मतदान और लोकसभा चुनाव से संबधित दर्शाई गई सामग्री की मुख्य सचिव ने प्रशंसा की और कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां प्रदेश के अन्य जिलों में भी करवाई जाएंगी। वोटर पार्क में बनाए गए बूथ पर सर्वप्रथम ईवीएम मशीन और वीवीपैट के बारे में मुख्य सचिव को जानकारी दी गई। उन्होंने बैलेट यूनिट से वोट देकर वीवीपैट मशीन से पर्ची भी निकाली। वोटर पार्क में देश की लोकतांत्रिक प्रणाली और गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र के बारे में विस्तृत पाठन सामग्री लगाई गई है। इसमें बताया गया गया कि सबसे पहले चुनाव अक्तूबर 1951 से फरवरी 1952 के बीच करवाए गए थे।


**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
In The Court of Ms. Bhawna Jain, Principal Judge, Family Court, Camp Court, Bahadurgarh
BHARTI SHARMA
Vs.
AMIT KUMAR
CNR No. HRJR01-006278-2022
Next Date : 05.07.2024
PUBLICATION ISSUED TO :
Amit
S/o Shri Deen Dayal, House No. 1033/13, Gali No. 5, Friends Colony, Najafgarh Road, Bahadurgarh.
In above titled case, Amit Kumar could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 05.07.2024 at 10:00 a.m., if desired.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- (Bhawna Jain), Principal Judge, Family Court, Camp Court, Bahadurgarh
Dated, this day of 26.04.2024

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
In The Court of Ms. Bhawna Jain, Principal Judge, Family Court, Camp Court, Bahadurgarh
BHARTI SHARMA
Vs.
AMIT KUMAR
CNR No. HRJR01-006279-2022
Next Date : 19.07.2024
The Plaintiff prays for restitution of conjugal rights.
PUBLICATION ISSUED TO :
AMIT KUMAR S/O SHREE DEEN DAYAL, HOUSE NO. 1033/13, GALI NO. 5, FRIENDS COLONY, NAJAFGARH ROAD, BAHADURGARH.
In above titled case, Amit Kumar could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 19.07.2024 at 10:00 a.m., if desired.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- (Bhawna Jain), Principal Judge, Family Court, Camp Court, Bahadurgarh
Dated, this day of 26.04.2024


### इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम में आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल

**चंडीगढ़।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के शिक्षा विभाग के द्वारा वर्ष 2023 -24 में इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम शुरू किया है, जो की 12वीं पास विद्यार्थियों को बीएड पाठ्यक्रम कर शिक्षक बनने के स्वप्न को पूरा कर सकता है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) द्वारा प्रमाणीकृत है। विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर रणजीत कौर ने बताया की इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र को अच्छे शिक्षक प्रदान करना है।

## राशिफल

**मेष** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।


## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**शिक्षा**

भारतीय पुनर्वास परिषद (RCI) नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त COLLGE CODE : HR041
सरकारी शिक्षक व विशेष शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर
D.Ed Spl. Ed. (IDD/HI) (द्वि-वर्षीय पाठ्यक्रम)
JBT/BTC/BSTC के समकक्ष
ANM 2 Year
DPT फिजियोथेरेपी 2 Year
D.Pharma एलोपैथी 2 Year
केवल RCI द्वारा निर्धारित फीस
योग्यता : 10+2 50 प्रतिशत अंको के साथ (General) एवम् 45 प्रतिशत अंको के साथ SC/ST/PH
DIRECT Admission OPEN
ग्रीन वैली इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन एण्ड रिहेबिलिटेशन सैन्टर
पटेल नगर, निकट शिव मन्दिर वाली गली, सोनीपत
CONTACT : 9813342781

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ


## हरियाणा में लोस की जंग लड़ने वालों की नजर चंडीगढ़ सीट पर भी

# भाजपा के सियासी दिग्गज टंडन के सामने अपनों को मनाने की चुनौती

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़


पार्टी को आशा है कि प्रदेश की दस की दस लोस सीटों पर पिछली बार की तरह से कमल खिलेगा, चंडीगढ़ की सीट को जोड़ लें तो 11 कमल खिलेंगे

हरियाणा लोकसभा मिशन-2024 फतह करने में जुटे भाजपा के सियासी दिग्गजों को आशा है कि पिछली बार की तरह से इस बार भी सूबे की दस की दस सीटों पर कमल का फूल खिलेगा, राजधानी चंडीगढ़ में भी पिछली बार की तरह से कमल खिलाने के दावे किए जा रहे हैं। चंडीगढ़ की सीट पर इस बार कमल का फूल खिलने में कईं तरह की चुनौतियां सामने आ रहीं हैं। इस बार यहां भाजपा की ओर से स्थानीय पुराने नेता संजय टंडन को टिकट दिया है लेकिन टंडन के सामने अपनों को मनाने की बड़ी चुनौती पेश आ रही है।

भाजपा हाईकमान की ओर से राजधानी चंडीगढ़ में इस बार लोकसभा सीट पर वर्तमान सांसद किरण खेर का टिकट काटकर संजय टंडन को उम्मीदवार बनाने की घोषणा पिछले दिनों कर दी थी। शुरुआती दौर से ही संजय टंडन के नाम के ऐलान के बाद भाजपा के कईं वरिष्ठ और पुराने नेताओं द्वारा प्रचार से दूरी बनाई हुई है। इस कारण से टंडन गैरों को छोड़कर अपनों को मनाने में जुटे हुए हैं, उनको पूरा विश्वास है कि वे सभी दिग्गजों को साथ में लेकर चलेंगे। ट्राई सिटी चंडीगढ़ के कईं वरिष्ठ नेताओं में कईं खुद भी टिकट की दौड़ में जुटे हुए थे। टिकट की दौड़ वाले सभी नेता अपनी पार्टी उम्मीदवार संजय टंडन के चुनाव प्रचार में शामिल नहीं हो रहे हैं। इससे पार्टी उम्मीदवार के लिए परेशानी खड़ी हो गई है।

### गुटबाजी और खींचतान को लेकर सिरदर्द

2014 से टंडन को अपनी ही पार्टी के भीतर विरोध व चुनौतियों का सामना करना पड़ा था पार्टी में गुटबाजी के कारण ही बताया गया है कि बाहर से उम्मीदवार उतारा गया था कि ताकि स्थानीय गुटों सभी को शांति रहे। 2014 और 2019 में पैराशूट उम्मीदवार किरण खेर को मैदान में उतारा था। खेर ने कांग्रेस उम्मीदवार पवन बंसल को हराकर जीत हासिल की थी।

### शहरी विकास प्राधिकरण में तैनात हो गए दो मुख्य सतर्कता अधिकारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद के हस्ताक्षर द्वारा जारी आदेश मारफत इसी वर्ष जनवरी में नॉन-एचसीएस (गैर हरियाणा सिविल सर्विस) कोटे से आईएएस अधिकारी बने अश्वनी गुप्ता को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण जिसका पूर्व में हुडा कहा जाता था, में बतौर चीफ विजिलेंस ऑफिसर-सीवीओ तैनात किया है। इससे पूर्व गुप्ता गत फरवरी से हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) में बतौर अतिरिक्त प्रबंध निदेशक के तौर पर तैनात थे।


**उत्तर रेलवे** Azadi Ka Amrit Mahotsav


**TENDER NOTICE**

Sr. Divisional Materials Manager, Northern Railways, Ambala Cantt-133001 for and behalf of the President of India, invites Tender through E-Procurement System (www.ireps.gov.in) for the supply of the below item.

| S. No. | E-Tender No. | Description | Qty | Tender Closing Date & Time | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 98245211 | संलग्न विनिर्देशक के अनुसार सहायक उपकरण के साथ इंस्टॉलेशन एयर बैग क्षमता 156 टन | 02 Set | 20.05.2024 एवं 11.00 hrs | 58720.00 |

Note:1) Vendors may visit the IREPS website i.e. www.ireps.gov.in for details. 2) No Manual offer will be entertained.
E-Tender Notice No. 98245211 Date: 26.04.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1248/24


## शब्द पहेली - 5495



**बाएँ से दाए-**
1. ईश्वर, करतार-3
3. मुस्कुराहट-3
5. ईख-2
6. रजनीगंधा -2, 1,2
9. समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11. ताकत, दम-2
12. अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13. वेतन, पगार-3
16. मनोनीत, नामकृत-3
18. बंधक, गिरवी वस्तु-3
20. निशा, रात्री-3
22. वचन, प्रतिज्ञा-3
23. श्रीनगर की झील-2
24. मूल्य, कीमत-2
25. असावधान-3
28. धिक्कार, फटकार-3
30. हवा, पवन-3
31. झाझर, कुंभ-3
33. चिंतन-3
35. संस्कृत में मेरा-2
36. मादा का विलोम-2
38. कुबेर, भूत-2
40. परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41. फलों का राजा-2
42. फूल चुननेवाली-3
43. घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2. बेकार-3
3. दीवान, खजांची-3
4. पैगंबर, रसूल-2
5. झूठ, मिथ्या -3
7. तेल में पकाना-3
8. आराम, मदद-3
10. गुलिस्ता-3
14. नरकभोगी-5
15. खुजली-2
17. सखा, दोस्त-2
18. मजा, आनंद-2
19. स्वदेशवासी-5
21. सुई (अंग्रेजी-3)
22. विष्णुप्रिया-3
26. पुनः, वापस-2
27. मर्करी, पारद-2
29. भीगा हुआ-2
30. वक्त, टाईम-3
31. अच्छी बुद्धि-3
32. निम्नता-3
34. मुलायम-3
35. बड़ा, विशाल-3
37. धनवान-3
39. माफी-2
41. उम्मीद-2

**शब्द पहेली -5494 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | | बु | आ | | द | | स | ख्त | | मु |
| र | क्त | | कु | क | र | मु | त्ता | | जा | ला |
| तू | | म | ल | | मि | | धी | र | | य |
| स | क्रि | य | ता | | या | | श | ब | न | म |
| | या | | | | न | | | | या | |
| रा | शी | क | र | ण | | भा | र | ही | न | ता |
| | ल | | | | टी | | | | वे | |
| री | ता | प | न | | ना | | न | ह | ला | ना |
| ई | | स | जा | | मु | | का | म | | का |
| ब | लि | | क | हा | नी | का | र | | छ | बि |
| र्स | | गी | त | | म | | ना | नी | | ल |

**सूडोकु नवताल - 5506** ★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5505 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

# तीरंदाजी वर्ल्ड कप : ज्योति की स्वर्णिम हैट्रिक, भारत ने कंपाउंड वर्ग में जीते पांच पदक

एजेंसी ▶▶| शंघाई

एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम ने शानदार प्रदर्शन किया। ज्योति ने शनिवार को यहां शंघाई में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक बनाई। इससे कंपाउंड तीरंदाजों ने पांच पदक जीते। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी ज्योति ने सत्र के शुरुआती वैश्विक टूर्नामेंट में मेक्सिको की शीर्ष वरीय आंद्रिया बेसेरा को शूट-ऑफ में 146=146 (9*-9) से हराकर यह उपलब्धि हासिल की जिससे वह तीन बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी के बाद एक विश्व कप में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय बनीं। पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका ने जून 2021 में पेरिस विश्व कप के तीसरे चरण में यह कारनामा किया था। ज्योति ने इस तरह पिछले साल हांगझोऊ एशियाड की उपलब्धि की बराबरी की जिसमें विजयवाड़ा की 27 वर्षीय तीरंदाज ने व्यक्तिगत, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में जीत हासिल करते हुए स्वर्ण पदक की हैट्रिक लगाई थी।



## व्यक्तिगत, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता सोना

### महिला टीम ने इटली को 236-225 से हराया

सुबह के सत्र में भारत ने गैर-ओलंपिक कंपाउंड तीरंदाजी में अपना दबदबा बनाते हुए टीम स्पर्धाओं में क्लीन स्वीप करते हुए स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई तथा पुरुष टीम, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धा जीतीं। इनमें से दो में ज्योति टीम का हिस्सा रहीं। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की तिकड़ी ने महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा ने इटली को 236-225 से हराया। भारतीय तिकड़ी ने 24 तीरों में सिर्फ चार अंक गंवाए और छठी वरीयता प्राप्त इटली को बड़े अंतर से हराकर स्वर्ण पदक से खाता खोला।




### अभिषेक, प्रियांश, प्रथमेश की शानदार जीत

पुरुष टीम में अभिषेक वर्मा, प्रियांश और प्रथमेश एफ ने नीदरलैंड को 238-231 से मात दी। नीदरलैंड की टीम में माइक शोलेसर, सिल पीटर और स्टेफ विलेम्स थे। इसके बाद भारत की मिश्रित टीम ने कंपाउंड वर्ग में तीसरा स्वर्ण पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया। दूसरी वरीयता प्राप्त ज्योति और अभिषेक की जोड़ी ने एस्तोनिया की लिसेल जात्मा और रोबिन जात्मा की मिश्रित जोड़ी को रोमांचक मुकाबले में 158-157 से मात दी।

### रिकर्व वर्ग में पदक राउंड आज

रिकर्व वर्ग में पदक राउंड रविवार को होंगे और भारत की निगाहें ओलंपिक वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतने पर लगी होंगी। भारतीय पुरुष टीम स्वर्ण पदक मुकाबले में ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी। दीपिका कुमारी व्यक्तिगत पदक की दौड़ में हैं और महिला रिकर्व वर्ग में दक्षिण कोरियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना सेमीफाइनल खेलेंगी।



### प्रियांश ने जीता रजत पदक

युवा प्रियांश ने पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में रजत के रूप में अपना पहला विश्व कप पदक जीता। अपने दूसरे विश्व कप में 21 वर्षीय तीरंदाज ने 2021 के विश्व चैंपियन निको वीनर से हारकर दूसरा स्थान हासिल किया। आसट्रिया के 27 साल के तीरंदाज ने 150 में से 150 अंक हासिल कर बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया और प्रियांश को तीन अंक से हरा दिया।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली | 10 | 5 | 5 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 |
| बेंगलोर | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
**430 रन**
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
**14 विकेट**
मुंबई

## खबर संक्षेप

### बल्लेबाजों से निपटने तरीके इजाद करें गेंदबाज

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच रेयान टेन डोशचेट का मानना है कि मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में विस्फोटक बल्लेबाजों को चुनौती देने के लिए गेंदबाजों को नए तरीके इजाद की जरूरत है। डोशचेट ने कहा, '10 साल पहले की तुलना की जाए तो यह खेल पूरी तरह से बदल गया है। आपको बल्लेबाजों को 'ऑफ गार्ड' करने की जरूरत होगी जैसा कि सैम करन ने फिल साल्ट को आउट करके किया। गेंदबाजों को नए तरीके इजाद करने होंगे।

### वनडे श्रृंखला की सफलता से प्रेरणा लेने की योजना

**सिलहट।** बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना ने कहा कि रविवार से यहां भारत के खिलाफ शुरू हो रही महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में अच्छे प्रदर्शन के लिए वे पिछले साल मेहमान टीम के खिलाफ वनडे श्रृंखला की सफलता से प्रेरणा लेना चाहेंगे। बांग्लादेश की महिला टीम भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेगी जिसके सभी मैच यहां सिलहट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जायेंगे।

### सेंथिलकुमार ने अंतिम चार में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने पेरिस में चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी को हराकर बैच ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीय और विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने शुक्रवार रात 12,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पांचवें वरीय चेक गणराज्य के खिलाड़ी को 37 मिनट में 11-5, 11-6, 11-2 से हरा दिया।

## आईपीएल

कैपिटल्स की प्लेआफ की दौड़ के लिए दावा मजबूत

# मैकगुर्क ने 27 गेंद में ठोके 84 रन
# दिल्ली की मुंबई पर शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जैक फ्रेसर मैकगुर्क की 27 गेंद में 84 रन की आतिशी पारी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को 10 रन से हराकर प्लेआफ की दौड़ के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई दिल्ली ने चार विकेट पर 257 रन बनाए जिसमें मैकगुर्क के अलावा ट्रिस्टन स्टब्स ने 25 गेंद में नाबाद 48 रन जड़े। जवाब में पांच बार की चैंपियन मुंबई टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 247 रन ही बना सकी।

पिछले पांच मैचो में चौथी जीत के बाद दिल्ली अंकतालिका में दस मैचों में दस अंक के साथ पांचवें स्थान पर है जबकि मुंबई इंडियंस नौ मैचों में छह अंक लेकर नौवे स्थान पर है। दिल्ली को आस्ट्रेलिया के 22 वर्ष के बल्लेबाज मैकगुर्क ने बेहतरीन शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए अभिषेक पोरेल के साथ 44 गेंद में 114 रन जोड़े। उन्होंने आईपीएल में इस सत्र में सबसे तेज अर्धशतक के अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए सिर्फ 15 गेंद में पचासा जड़ा। इससे पहले उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम पर ही 15 गेंद में अर्धशतक बनाया था। मैकगुर्क 27 गेंद में 11 चौकों और छह छक्कों की मदद से 84 रन बनाकर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स ने आखिरी ओवरों में ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए सिर्फ 25 गेंद में नाबाद 48 रन बनाए।





### तिलक की फिफ्टी

मुंबई से तिलक वर्मा ने 63, हार्दिक पंड्या ने 46 और टिम डेविड ने 37 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव 26 और ईशान किशन 20 रन बनाकर आउट हुए। दिल्ली से रसिख सलाम और मुकेश कुमार ने 3-3 विकेट लिए। 2 सफलताएं खलील अहमद को भी मिलीं।

### आखिरी ओवर में नहीं बने 25 रन

*मुंबई इंडियंस को आखिरी ओवर में जीत के लिए 25 रन चाहिए थे। पहली बॉल पर तिलक वर्मा 2 रन लेने की कोशिश में रन आउट हो गए। दूसरी बॉल पर 2 रन बने, तीसरी बॉल पर ल्यूक वुड ने छक्का लगा दिया। चौथी बॉल पर एक रन बना, पांचवीं बॉल पर पीयूष चावला ने चौका लगाया। आखिरी बॉल पर 11 रन चाहिए थे लेकिन चावला लॉन्ग ऑन पर कैच हो गए।*

### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मैकगुर्क का नबी बो चावला | 84 | 27 | 11 | 6 |
| अभिषेक पोरेल का ईशान बो नबी | 36 | 27 | 3 | 1 |
| शाई होप का वर्मा बो वुड | 41 | 17 | 0 | 5 |
| ऋषभ पंत का रोहित बो बुमराह | 29 | 19 | 2 | 2 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 48 | 25 | 6 | 2 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 11 | 06 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 257/4
गेंदबाजी : वुड 4-0-68-1, बुमराह 4-0-35-1, तुषारा 4-0-56-0, चावला 4-0-36-1, पंड्या 2-0-41-0, नबी 2-0-20-1

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| किशन का अक्षर बो मुकेश | 20 | 14 | 4 | 0 |
| रोहित का होप बो खलील | 08 | 08 | 1 | 0 |
| सूर्यकुमार का विलियम्स बो खलील | 26 | 13 | 3 | 2 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 63 | 32 | 4 | 4 |
| पंड्या का मुकेश बो सलाम | 46 | 24 | 4 | 3 |
| नेहान वढ़ेरा का पंत बो सलाम | 04 | 02 | 1 | 0 |
| टिम डेविड पगबाधा मुकेश | 37 | 17 | 2 | 3 |
| नबी का होप बो सलाम | 07 | 04 | 0 | 1 |
| चावला का होप बो मुकेश | 10 | 04 | 1 | 1 |
| ल्यूक वुड नाबाद | 09 | 03 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 17, कुल : 20 ओवर में 247/9
गेंदबाजी : विलियम्स 3-0-34-0, खलील 4-0-45-2, मुकेश 4-0-59-3, कुलदीप 3-0-47-0, अक्षर 2-0-24-0, सलाम 4-0-34-3



लखनऊ को 7 विकेट से दी मात

# सैमसन व जुरेल के अर्धशतकों से राजस्थान ने एलएसजी को हराया

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

कप्तान संजू सैमसन (नाबाद 71) और ध्रुव जुरेल (नाबाद 52) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 62 गेंद में 121 रन की अटूट साझेदारी के बूते राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शनिवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को एक ओवर रहते सात विकेट से शिकस्त दी। तालिका में शीर्ष पर काबिज राजस्थान की यह नौ मैचों में आठवीं जीत है और टीम प्लेऑफ में जगह पक्की करने के करीब पहुंच गयी है। लखनऊ की यह नौ मैचों में चौथी हार है, टीम 10 अंक के साथ चौथे पायदान पर है। लोकेश और हुड्डा के अर्धशतकों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 62 गेंद में 115 रन की साझेदारी से एलएसजी ने पांच विकेट पर 196 रन बनाये। राजस्थान ने छह गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 199 रन बनाकर मैच जीत लिया। सैमसन ने 33 गेंद की नाबाद पारी में सात चौके और चार छक्के जड़े जबकि जुरेल ने 34 गेंद नाबाद पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाये। एलएसजी के लिए स्टोइनिस, अमित मिश्रा और यश ठाकुर ने एक-एक विकेट लिये। राहुल ने 48 गेंद में आठ चौके और दो छक्के की मदद से 76 रन बनाये तो वहीं हुड्डा ने 31 गेंद में सात चौके की मदद से 50 रन बनाये। दोनों ने 11 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम की शानदार वापसी करवायी। राजस्थान के लिए संदीप शर्मा ने 31 रन पर दो विकेट लिये जबकि ट्रेंट बोल्ट, आवेश और अश्विन को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए जायसवाल (24) और जोस बटलर ने 35 गेंद में 60 रन की साझेदारी कर राजस्थान रॉयल्स को अच्छी शुरुआत दिलायी। जायसवाल ने शुरुआती ओवर में मैट हेनरी के खिलाफ छक्का और चौका जड़ा तो वहीं बटलर ने इस गेंदबाज के खिलाफ विकेटकीपर के ऊपर से शानदार छक्का मारा।

# उबेर कप : चालिहा ने किया उलटफेर
# भारत ने कनाडा को 4-1 से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| चेंगडू

अश्मिता चालिहा ने अपने से ऊंची रैंकिंग की खिलाड़ी मिशेल लि को हराकर उलटफेर किया जिससे भारतीय महिला टीम ने शनिवार को यहां उबेर कप टूर्नामेंट में कनाडा पर 4-1 से जीत से सकारात्मक शुरुआत की।



रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज चालिहा ने मानसिक मजबूती और जज्बे का शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी लि को शुरुआती एकल मुकाबले में 42 मिनट में 26-24, 24-22 से मात दी। पिछले दिसंबर में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली प्रिया कोन्जेंगबाम और श्रुति मिश्रा की युवा महिला युगल जोड़ी ने कैथरीन चोई और जेसलिन चाउ को 21-12, 21-10 से हराकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। इशारानी बरुआ ने वेन यू झांग को 21-13, 21-12 से हराकर भारत को 3-0 की अजेय बढ़त दिलाने में मदद की। दूसरे महिला युगल में सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर को कनाडा की जैकी डेंट और क्रिस्टल से 19-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इससे बाद राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल खरब ने पांचवें और अंतिम मैच में एलियाना झांग को 21-15, 21-11 से हराकर आसान जीत हासिल की।

### चीमा, ईशा, दिव्यांश और इलावेनिल जीते

**नई दिल्ली।** अर्जुन सिंह चीमा, ईशा सिंह, दिव्यांश सिंह पंवार और इलावेनिल वलरिवान ने शनिवार को यहां राइफल/पिस्टल में ओलंपिक चयन ट्रायल एक और दो के आखिरी दिन अपनी-अपनी स्पर्धाएं जीतीं। चीमा ने दिन का पहला फाइनल (टी2 में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल) जीता, उसके बाद टी2 में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में ईशा ने जीता। दिव्यांश ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल का खिताब जीता और एलावेनिल ने क्लिफ-हैंगर में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल का फाइनल जीता। ओएसटी के लिए क्वालीफाई करने वाले 37 निशानेबाजों में से अभी किसी का भी ओलंपिक टिकट पक्का नहीं है क्योंकि सभी निशानेबाजों को अगले महीने भोपाल में होने वाले अंतिम दो ट्रायल में भाग लेना है। चीमा ने फाइनल में 244.6 के स्कोर के साथ जीत दर्ज की। रविंद्र ट्रायल में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और 242.4 के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि वरुण तोमर तीसरे स्थान पर रहे।

## स्वियाटेक मैड्रिड ओपन के प्री-क्वार्टर में



**मैड्रिड।** शीर्ष रैंकिंग की महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने शनिवार को सोराना क्रिस्टिया को 6-1, 6-1 से हराकर मैड्रिड ओपन के अंतिम-16 में आसानी से अपनी जगह बना ली। पिछले साल फाइनल में आर्यना सबालेंका से हारने वाली स्वियाटेक ने इस सत्र में अपनी जीत-हार का रिकॉर्ड सुधारकर 26-4 कर लिया है। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए वह सोमवार को विक्टोरिया अजारेंका या सारा सोरिब्स टोर्मो से भिड़ेंगी।

## सीएसके आठ मैच में चार जीत चार हार से तालिका में 5वें स्थान पर

# हैदराबाद के खिलाफ जीत के लिए बेताब होगी चेन्नई

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

लगातार हार का सामना करने वाली गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मजबूत सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी। नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई में सत्र में अच्छी शुरुआत करने वाली सीएसके को पिछले दो मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने दो बार हराया है।

सीएसके को अपने ही मैदान चेपक स्टेडियम में हारते हुए देखना बहुत ही विरले होता है लेकिन मार्कस स्टोइनिस के शानदार शतक की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने 210 का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। सीएसके आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से तालिका में पांचवें स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के भी आठ अंक हैं।



### सीएसके वापसी के लिए बेताब

*सीएसके अपनी लय में वापसी के लिए बेताब होगी क्योंकि अब प्लेऑफ की दौड़ तेज हो जाएगी। सीएसके रविवार को तीसरे नंबर पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी जिसने इस सत्र में दो बार आईपीएल के उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा है। लेकिन पिछले मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद की बात की जाए तो आत्मविश्वास से भरी टीम को गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से घरेलू मैदान पर सत्र की तीसरी हार झेलनी पड़ी। हालांकि इससे उसके बल्लेबाजों की लय में रूकावट नहीं होगी और वे सीएसके के खिलाफ मिले हर मौके का फायदा उठाना चाहेंगे।*

### आरसीबी के खिलाफ टाइटन्स की निगाहें सुधार करने पर

**अहमदाबाद।** गुजरात जायंट्स को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार की जरूरत है और रविवार को यहां होने वाले आईपीएल मैच में उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के मध्यक्रम की आक्रामकता से सतर्क रहना होगा। गुजरात की टीम नौ मैच में आठ अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर काबिज है। अगर उसे चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स से आगे पहुंचना है तो उसे जीत हासिल करनी होगी। इन दोनों टीम के भी आठ अंक हैं। गुजरात जायंट्स को अपने तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन में सुधार की दरकार है। इस पूरे आईपीएल में उनकी तेज गेंदबाजी इकाई काफी कमजोर रही है।

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय
INDIAN MARITIME UNIVERSITY
(A Central University under the Ministry of Ports, Shipping and Waterways, Govt. of India)
Established by an Act of the Parliament in 2008

Admission Open for AY 2024 - 25

Be a Part of the Growth Story of Maritime Sector of India!

UG PROGRAMMES
- B.Tech. (Marine Engineering)
- B.Tech. (Naval Architecture & Ocean Engineering)
- B.Tech. (Naval Architecture & Ship Building)
- B.Sc. (Nautical Science)
- BBA (Logistics, Retailing and E - Commerce)
- BBA - Apprenticeship Embedded Maritime Logistics
(Students will receive a stipend of Rs. 7,000 per month during their apprenticeship period)

DIPLOMA PROGRAMME
- Diploma in Nautical Science 1-Year

PG PROGRAMMES
- MBA (International Transportation &Logistics Management)
- MBA (Port & Shipping Management)
- M.Tech. (Marine Technology)
- M.Tech. (Naval Architecture & Ocean Engineering)
- M.Tech. (Dredging & Harbour Engineering)

Admission Mechanism:
i. UG (B.Tech, B.Sc., DNS,) & PG (MBA, M.Tech.) -IMU CET
ii. BBA - CUET (UG) /12th Class marks
There is no IMU - CET for BBA programmes.

QR Code for IMU CET Registration
QR Code for BBA Registration

Last Dates:
Registration Closing Date (IMU-CET): 05.05.2024
Registration Closing Date (BBA): 30.06.2024

Query, if any, please write to:
For IMU-CET: cet24@imu.ac.in | For BBA: bba24@imu.ac.in

For more information visit : www.imu.edu.in
@IMU Headquarters imu_headquaters @IMU_HQ
Helpline: 044-2453 9027/28

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आर्थिक न्याय फार्मूले और उनके सहयोगी सैम पित्रोदा के विरासत टैक्स के विचार ने आम चुनाव के दौरान राजनीतिक तूफान ला दिया है। भाजपा को बैठे-बिठाए कांग्रेस को घेरने का मौका मिल गया है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि उसकी सरकार आएगी तो जाति जनगणना होगी। उसके बाद आर्थिक सर्वे होगा। राहुल ने कहा कि देश में एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों की सम्मिलित आबादी करीब 90 फीसदी है, जिनकी देश की संपत्तियों में प्रॉपर हिस्सेदारी नहीं है। आजादी से पहले मुस्लिम लीग और आजादी के बाद डॉ. भीमराव आंबेडकर ने आनुपातिक हिस्सेदारी की मांग उठाई थी, जिसे उस वक्त कांग्रेस ने ठुकरा दिया था। राहुल के विचार में आंबेडकरवादी व साम्यवादी विमर्श का घालमेल है, जो संविधान की भावना के खिलाफ है। विरासत टैक्स की बात करें तो वर्ष 1953 में इस्टेट ड्यूटी की शुरूआत हुई थी, वर्ष 1985 में तत्कालीन राजीव गांधी की सरकार ने खत्म कर दिया था। वर्ष 1998 उपहार टैक्स व वर्ष 2015 में वेल्थ टैक्स समाप्त किया जा चुका है। आर्थिक सिद्धांत के मुताबिक संपत्ति पुनर्वितरण और विरासत टैक्स जैसे आइडिया से आर्थिक असमानता दूर नहीं की जा सकती है, आर्थिक नीतियों के सुचारू संचालन से ही आर्थिक खाई पाटी जा सकती है। संपत्ति पुनर्वितरण व विरासत टैक्स के मुद्दे पर भाजपा ने कांग्रेस को आक्रामक तरीके से घेरा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन दोनों मुद्दों पर कांग्रेस ने एक बार फिर से सेल्फ गोल कर लिया है। इन मुद्दों के राजनीतिक असर का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# विरासत कर के बवंडर का सच

वर्तमान युग में अपनी क्षमता, प्रतिभा की बदौलत उत्तरोत्तर आर्थिक प्रगति पर किसी भी बंधन की स्वीकार्यता नहीं है। इससे समाज के विकसित होने की मानसिकता कमजोर होती है तथा यह पूरे देश की प्रगति को उल्टी दिशा में मोड़ना है। इसलिए संपत्ति पर कैप लगाना या उसके एक बड़े हिस्से का राष्ट्रीयकरण कर लोगों में बांटना या एक सीमा से ज्यादा संपत्ति पर जरूर से ज्यादा कर लगाकर उसकी आय को बांट देने की सोच का कभी समर्थन नहीं किया जा सकता। इससे भयावह अराजकता की स्थिति पैदा होगी जिसे संभालना कठिन होगा। चूंकि कि चुनाव के बीच यह मुद्दा आ गया है इसलिए देश के लोगों को तय करना है कि वह इसके साथ है या विरोध में।




विश्लेषण
अवधेश कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

**संपत्तियों के सर्वे और वितरण संबंधी विवाद कांग्रेस की स्वयं की देन है। इसे लेकर उठे बवंडर के बीच विदेश में कांग्रेस पार्टी की इकाई ओवरसीज कांग्रेस ऑफ इंडिया के प्रमुख सैम पित्रोदा ने उत्तराधिकार कर का बयान देकर इसे लोकसभा चुनाव के एक बड़े मुद्दे के रूप में स्थापित कर दिया है। स्वाभाविक है कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित समूची भाजपा कांग्रेस पर यह आरोप लगा रही है कि वह लोगों के घरों में घुसकर संपत्तियों का सर्वे करेगी तथा समान वितरण के नाम पर अपने चाहत के अनुरूप समुदाय विशेष के बीच बांट देगी उस समय यह बयान बवंडर को और बढ़ने वाला ही साबित होना था। सैम पित्रोदा के बयान को व्यक्तिगत कह कर खारिज करना आसान नहीं है।**

कांग्रेस के रणनीतिकारों का जो भी मानना हो, लेकिन उसके विचार एवं व्यवहार इन दिनों लगातार आम व्यक्ति को हैरत में डालते हैं। अनेक गंभीर लोग बातचीत में प्रश्न करते हैं कि आखिर कांग्रेस को हो क्या गया है? संपत्तियों के सर्वे और वितरण संबंधी विवाद कांग्रेस की स्वयं की देन है। इसे लेकर उठे बवंडर के बीच विदेश में कांग्रेस पार्टी की इकाई ओवरसीज कांग्रेस ऑफ इंडिया के प्रमुख सैम पित्रोदा ने उत्तराधिकार कर का बयान देकर इसे लोकसभा चुनाव के एक बड़े मुद्दे के रूप में स्थापित कर दिया है। स्वाभाविक है कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित समूची भाजपा कांग्रेस पर यह आरोप लगा रही है कि वह लोगों के घरों में घुसकर संपत्तियों का सर्वे करेगी तथा समान वितरण के नाम पर अपने चाहत के अनुरूप समुदाय विशेष के बीच बांट देगी उस समय यह बयान बवंडर को और बढ़ने वाला ही साबित होना था। सैम पित्रोदा के बयान को व्यक्तिगत कह कर खारिज करना आसान नहीं है। आखिर वह कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी हैं और सोनिया गांधी परिवार के निकटतम लोगों में माने जाते हैं। राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समानांतर विदेशों में प्रोजेक्ट करने , जगह-जगह उनका भाषण और पत्रकार वार्ताएं करने की पूरी कमान उनके हाथों में होती है। वह कह रहे हैं कि जब हम सामान वितरण की बात करते हैं तो हमें अमेरिका जैसे इन्हेरिटेंस टैक्स यानी उत्तराधिकार कर पर भी विचार करना चाहिए। उनके अनुसार यहां कई राज्यों में पिता की मृत्यु के बाद संपत्ति की विरासत संभालने वाले को 55 प्रतिशत तक कर देकर उसके हिस्से शेष 45 प्रतिशत आता है। इससे स्वाभाविक ही यह शंका गहरी हुई कि कांग्रेस सत्ता में आने पर वाकई विरासत कर भी लगा सकती है।

## नहीं मिलता मुद्दा

अगर राहुल गांधी ने अपने भाषणों और वक्तव्यों में लगातार जाति जनगणना के साथ वित्तीय एवं आर्थिक सर्वे की बात नहीं करते तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या भाजपा को इसे इतना बड़ा मुद्दा बनाने का अवसर नहीं मिलता। उनके भाषण और वक्तव्य सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं, जिनमें वह कह रहे हैं कि हम सत्ता में आने पर जाति जनगणना करेंगे और उसके बाद क्रांतिकारी कदम उठाएंगे, संपत्ति के समान वितरण के लिए वित्तीय सर्वेक्षण करा कर देखेंगे कि किसके पास किस वर्ग के पास कितनी संपत्ति है। इसके बाद जितना जिसका हक होगा उतना उसको दिया जाएगा। कांग्रेस का घोषणा पत्र यानी न्याय पत्र जारी होने के पूर्व और बाद में भी वह इस पर बोलते रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि आप से मिलना चाहता हूं ताकि मैं आपको अपना घोषणा पत्र समझा सकूं। खड़गे सहित कांग्रेस पार्टी के अंदर कोई यह कहने को तैयार नहीं है कि हम वित्तीय



और आर्थिक सर्वे नहीं करेंगे तथा समान वितरण की भी बात हमारे एजेंडे में नहीं है। इसकी बजाय कांग्रेस के नेता प्रवक्ता लगातार भारत में उद्योगपतियों, अरबपतियों को निशाना बनाते हुए इनमें से कुछ के हाथों धन सिमट जाने के वक्तव्य दे रहे हैं। अगर सर्वेक्षण होगा तो फिर सर्वेक्षणकर्मी लोगों के घर में जाएंगे। घर वाले चाहें न चाहें उनकी एक-एक चीज देखी जाएगी। इसके अलावा अगर सर्वेक्षण का कोई तरीका कांग्रेस के पास है तो उसे बताना चाहिए। मंगलसूत्र जैसे शब्द व्यंग्यात्मक शैली में होते हैं। इनका इतना ही अर्थ है कि महिलाओं के आभूषण तक भी सर्वे में जाने जाएंगे। संपत्ति के विवरण के वैधानिक प्रावधानों में आभूषणों आदि की पूरी सूची और उसके मूल्य बताने ही पड़ते हैं। चूंकि राहुल गांधी अपनी घोषणा पर कायम हैं और कांग्रेस इससे पीछे नहीं हट रही तो सैम पित्रोदा के उत्तराधिकार कर से देश में भय पैदा हो गया है। कुछ लोगों ने तो यह भी तलाश लिया कि पहले भी भारत ने विरासत कर था और स्वयं पित्रोदा कोई नई बात का नहीं कह रहे हैं। प्रकारांतर से यह स्वयं पित्रोदा के विचार का समर्थन करना ही है । निश्चित रूप से था और यह अंग्रेजों का बनाया हुआ कानून था जो व्यवहार में नहीं उतर पाया तथा सरकारी विभागों में इतने मुकदमे हुए, जिनके खर्च उससे प्राप्त से ज्यादा हो गया। हालांकि प्रधानमंत्री का आरोप है कि राजीव गांधी के प्रधानमंत्रीत्व काल में उसे इसलिए हटाया गया, क्योंकि उन्हें बिना कर दिए अपनी मां की संपत्ति का उत्तराधिकार लेना था। सच है कि पारिवारिक संपत्ति में से संजय गांधी के परिवार को शायद ही कुछ प्राप्त हुआ हो। यह ऐसा मुद्दा रहा है जिसे आरंभिक दिनों में मेनका ने उठाया था।

बहरहाल, भले अर्थव्यवस्था, समाज और देश के बारे में समझ रखने वाले इसे उचित न मानें लेकिन कांग्रेस के अंदर भाव यही है कि राहुल गांधी की इन घोषणाओं का देश के आम लोगों पर बड़ा प्रभाव है और उन्हें लगता है कि कांग्रेस सत्ता में आई तो देश के धनी और संपन्न लोगों की संपत्तियां लेकर हमारे बीच बांटा जाएगा। वह मानते हैं कि इससे उनका वोट काफी बढ़ेगा और सत्ता में भी आ सकते हैं।

## न्याय और गारंटी तर्कसंगत नहीं

पिछले कुछ वर्षों से कांग्रेस की नीति और व्यवहार में पुरानी शैली के वामपंथियों की तरह संपत्तिवानों, उद्योगपतियों आदि के विरुद्ध घृणा और गुस्सा साफ परिलक्षित होता रहा है। उनको निशाना बनाया जाता है। पांच न्याय और 25 गारंटी में कांग्रेस ने ऐसी-ऐसी बातें की है जिनको धरातल पर उतारना भारतीय अर्थव्यवस्था के बूते की बात नहीं है, लेकिन इस समय कांग्रेस के थिंक टैंक या सोनिया गांधी परिवार को सुझाव देने वाले मानते हैं कि कांग्रेस को पुराने वामपंथियों की तरह क्रांतिकारी तेवर धारण करना चाहिए तभी वह अपना खोया हुआ जनाधार वापस ला सकती है तथा भाजपा को हरा सकती है। सैम पित्रोदा ने जो कहा है वह इसी सोच का विस्तार है। हमारी आपकी दृष्टि में अमेरिका एक पूंजीवादी देश है, लेकिन क्रांति हुए बिना वहां वामपंथियों की ताकत हमेशा सशक्त रही है। वहां ये सत्ता, प्रशासन, न्यायपालिका , मीडिया से लेकर पूरे थिंक टैंक पर हावी हैं। वहां के बड़े-बड़े पूंजीपति जिनमें जार्ज सोरोस जैसे लोग शामिल है, भी अपने प्रकट लक्ष्यों और घोषणाओं में आधुनिक वामपंथी ही है। उनकी दृष्टि की लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में उनकी ही सोच की अर्थव्यवस्था, समाज के बीच संपत्ति का विभाजन, अल्पसंख्यकों के विशेषाधिकार आदि के लक्ष्य से भारत जैसे विकासशील देश में बदलाव के लिए अपने थिंक टैंक विकसित करते हैं और ऐसे लोगों को आगे बढ़ाने में मदद करते हैं। उनका लक्ष्य ऐसे देश को सशक्त करना तो नहीं हो सकता।

विदेशों में उनके भाषण होते हैं, इसलिए यह मानने का कोई कारण नहीं है कि राहुल गांधी, कांग्रेस के दूसरे नेता या सैम पित्रोदा के साथ उनके संवाद नहीं होंगे। इस अतिवादी वाम सोच में ही अल्पसंख्यकों के लिए वैसे विशेष प्रावधानों की घोषणाएं हैं, जिन्हें देखकर भाजपा के लिए यह आरोप लगाना आसान हो गया है कि संपत्ति के सर्वे के पीछे राहुल गांधी और कांग्रेस का इरादा अल्पसंख्यकों के नाम पर मुसलमानों के बीच ही उसे वितरीत करना है। इस पर बहस हो सकती है तथा पहली दृष्टि में कहा जा सकता है कि भाजपा जानबूझकर कांग्रेस को मुस्लिमपरस्त साबित करने के लिए ऐसा कर रही है, किंतु कांग्रेस ने अभी तक इस बात का खंडन नहीं किया है कि उसकी मंशा मुसलमानों को विशेष तौर पर धन के वितरण में या आरक्षण आदि में शामिल करना नहीं है। यूपीए सरकार के दौरान आप देखेंगे कि केंद्र से राज्यों की कांग्रेस सरकारों ने मुसलमानों के लिए अनेक प्रावधान किए, अनेक संपत्तियां अलग-अलग इस्लामी संस्थाओं को दी गई और उनके लिए सरकार के नियम कानून तक बदले गए। बाद में दूसरी सरकारों ने उनमें से कई संपत्तियां वापस ली और इनमें न्यायालय का भी साथ मिला।

## अराजकता की आशंका

भारतीय सभ्यता संस्कृति की परंपरागत व्यवस्था में संपत्तियों के अधिक संग्रह का आदेश नहीं था। परिश्रम से अर्जित करने पर रोक नहीं था, लेकिन उसके स्वामित्व की सीमाएं रहीं हैं तथा अर्जित संपत्तियों को भी सहकारी जीवन की तरह मिल बांटकर खाने की व्यवस्था रही है। वर्तमान युग में अपनी क्षमता, प्रतिभा की बदौलत उत्तरोत्तर आर्थिक प्रगति पर किसी भी बंधन की स्वीकार्यता नहीं है। इससे समाज के विकसित होने की मानसिकता कमजोर होती है तथा यह पूरे देश की प्रगति को उल्टी दिशा में मोड़ना है। इसलिए संपत्ति पर कैप लगाना या उसके एक बड़े हिस्से का राष्ट्रीयकरण कर लोगों में बांटना या एक सीमा से ज्यादा संपत्ति पर जरूर से ज्यादा कर लगाकर उसकी आय को बांट देने की सोच का कभी समर्थन नहीं किया जा सकता। इससे भयावह अराजकता की स्थिति पैदा होगी जिसे संभालना कठिन होगा। चूंकि कि चुनाव के बीच यह मुद्दा आ गया है इसलिए देश के लोगों को तय करना है कि वह इसके साथ है या विरोध में।

# विपक्ष के मुद्दे सत्तापक्ष के आगे बेअसर



मुद्दा
प्रणय यादव
वरिष्ठ टीवी पत्रकार

मौसम गर्म हो गया है। पारा चालीस डिग्री के पार चला गया है, लेकिन दो चरण के मतदान के बाद भी चुनावी गर्मी वैसी नहीं है जैसी होनी चाहिए। राजनीतिक दलों और नेताओं के भाषणों में तो हीटवेब दिख रही है, लेकिन जनता में जो उत्साह होना चाहिए और चुनाव के वक्त जैसा होता है वो इस बार नहीं दिख रहा है। फर्स्ट फेज में कम वोटिंग के बाद चुनाव आयोग ने, नेताओं ने और सामाजिक संगठनों ने मतदाताओं को पोलिंग बूथ्स तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करने की कोशिशें की, लेकिन दूसरे चरण में मतदान प्रतिशत और गिर गया। ये लोकतन्त्र के लिए अच्छा नहीं है। मतदाताओं का वोट डालने न जाना राजनातिक दलों के लिए भी परेशानी का सबब है। हालांकि सार्वजनिक तौर पर सत्ता पक्ष हो या विपक्ष दोनों इसे अपने-अपने लिए फायदेमंद बता रहे हैं। लेकिन परेशान दोनों पक्ष हैं। फर्स्ट फेज की वोटिंग के बाद मुद्दे, भाषा और अंदाज एनडीए का भी बदला है और इंडिया अलायन्स का भी।

## पहले चरण के बाद मुद्दे बदले

वोटिंग का दौर शुरू होने से पहले विकास बड़ा मुद्दा था। दुनिया में भारत की बढ़ती ताकत, आतंकवाद, पाकिस्तान को सबक, आर्टिकिल 370 और राम मंदिर, ये बीजेपी के मुख्य मुद्दे थे। विपक्ष बेरोजगारी, मंहगाई, जांच एजेंसियों का राजनीतिक दुरूपयोग, विपक्ष की सत्ता वाले राज्यों के साथ भेदभाव, जातिगत जनगणना, भागीदारी के हिसाब से हिस्सेदारी जैसे मुद्द उठा रहा था, लेकिन फर्स्ट फेज की वोटिंग के बाद अचानक बीजेपी ने गियर बदल दिया। अब सांप्रादियकता का मुद्दा, हिन्दू मुसलमान की बात सेंटर स्टेज में आ गई है। असल में कांग्रेस ने जो मैनिफेस्टो जारी किया है। उसमें आर्थिक समानता के लिए संपत्ति के सर्वे की बात कही गई है। जातिगत जनगणना का वादा है और उसके बाद आरक्षण की सीमा पर लगी पचास परशेंट की पाबंदी को हटाने की बात है। कांग्रेस के मैनिफेस्टो में साफ साफ तो नहीं लेकिन घुमाफिरा कर ये संकेत दिया गया है कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों का भी इस मामले में ख्याल रखेगी। बस बीजेपी ने इसी बात को पकड़ लिया। इसे समुदाय विशेष के आरक्षण से जोड़ दिया। बांसवाड़ा की रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साफ कहा कि कांग्रेस देश के लोगों की संपत्ति छीनकर अपने चहेतों को देना चाहती है। कांग्रेस दलित पिछड़े और आदिवासियों के हक का आरक्षण को छीनेगी और मुसलमानों को दे देगी। इसके बाद ये बड़ा मुद्दा बन गया। कांग्रेस और उसके साथी दल रक्षात्मक मुद्रा में आ गए। कांग्रेस के साथ असली दिक्कत ये है कि उसे मुस्लिम वोट भी चाहिए और हिन्दुओं के वोट के बगैर के उसका काम नहीं चलेगा, इसलिए कांग्रेस के नेता न ये कह सकते हैं कि वो मुसलमानों को आरक्षण नहीं देंगे और न ये कह सकते हैं कि देंगे। इसी स्थिति का फायदा बीजेपी उठा रही है। पहले मोदी ने आन्ध्र प्रदेश में मुस्लिम रिजर्वेशन का हवाला दिया और फिर कर्नाटक का केस जनता के सामने रख दिया। कांग्रेस इस बात से इंकार नहीं कर सकती कि कर्नाटक में सभी मुस्लिम जातियों को आरक्षण मिल रहा है। हालांकि कर्नाटक में मुस्लिम जातियों को आरक्षण कांग्रेस के जमाने में नहीं



मिला। 1994 में ये फैसला हुआ था उस वक्त कर्नाटक में एचडी देवेगौड़ा की सरकार थी। देवेगौडा कर्नाटक के मुख्यमंत्री थे। जो अब बीजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन कांग्रेस लोगों को ये बात नहीं समझा पा रही। क्योंकि इस वक्त तो कर्नाटक में कांग्रेस की ही सरकार है। कांग्रेस का तर्क ये है कि मुसलमानों को आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर मिल रहा है, लेकिन फिर सवाल ये है कि कुछ जातियों गरीबी और पिछड़ेपन का शिकार हो सकती है कि आरक्षण के दायरे में सारी जातियों को क्यों लाया गया। कांग्रेस का तर्क है कि तीस साल में 16 साल बीजेपी की सरकार रही। बीजेपी ने कर्नाटक में मुसलमानों का आरक्षण खत्म क्यों नहीं किया। हकीकत ये है कि बीजेपी ने बहुत ही चालाकी से 2023 के चुनाव से पहले मुसलमानों का आरक्षण खत्म करके वोकालिंगा और लिंगायत समाज को दो दो फीसदी आरक्षण दिया था। मुस्लिम जातियों के लिए नई कैटेगरी बना दी, लेकिन मामला कोर्ट में चला गया और सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के आदेश पर रोक लगा दी। फिर कांग्रेस की सरकार आ गई और अब तक मुस्लिम्स को रिजर्वेशन मिल रहा है इसीलिए कांग्रेस इस मुद्दे पर घिर गई है। अब कॉमन सिविल कोड, सीएए, एनआरसी भी चुनाव के बड़े मुद्दे बन गए हैं। बीजेपी के नेता उत्तराखंड में कॉमन सिविल कोड लागू होने के हवाला देते हैं। देश भर में सीएए को सख्ती से लागू करने का दावा कर रहे हैं। हालांकि सीएए का हमारे देश के नागरिकों से कोई लेना देना नहीं है, ये कानून सिर्फ बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे देशों से भागकर आए हिन्दू सिख बौद्ध जैन और पारसियों के लिए है, लेकिन विपक्ष इसे मुसलमानों के खिलाफ बताकर इसका विरोध कर रहा है।

## मुद्दों की काट

असल में बीजेपी ने बहुत ही कारगर रूप से विपक्ष के उन मुद्दों की काट खोजी है जिनसे बीजेपी को नुकसान की आशंका थी। कांग्रेस जातिगत जनगणना करवा कर भागीदारी के हिसाब से हिस्सेदारी देने का दावा कर रही थी। मतलब दलित पिछड़े और आदिवासी वोट बैंक पर खतरा था। अखिलेश यादव भी यूपी में पीडीए को मुद्दा बना रहे थे। कांग्रेस ने आर्थिक सर्वे करवा कर संपत्ति के समान बंटवारे का वादा किया था। लेकिन बीजेपी ने इसे हिडेन एजेंडा बता दिया। कांग्रेस के आर्थिक सर्वे के वादे को मंगलसूत्र से जोड़ दिया। अब मनोमहन सिंह के बयान का वीडियो भी घुमाया जा रहा है जिसमें मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों, अल्पसंख्यकों खासतौर पर मुसलमानों का है। मोदी ने कांग्रेस के मैनिफेस्टो, राहुल गांधी के भाषण और मनमोहन सिंह के बयान को निकाल कर जो घुट्टी बनाई है। वो कांग्रेस के लिए गले की हड्डी बन गई है।

कुल मिलाकर चुनाव वोटिंग के शुरूआती चरण में ही सांप्रदायिकता पर आ गया। जो चुनाव विश्लेषक हैं, शुरूआत में वो कह रहे थे कि इन मुद्दों के सेंटर स्टेज पर आने से मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। पोलराइजेशन होगा और दोनों तरफ से मतदाता बड़ी संख्या में पोलिंग बूथ पर पहुंचेंगे, लेकिन सेकेन्ड फेज की वोटिंग में इसका उल्टा हुआ। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान, बंगाल और कैरल जहां पोलराइजेशन का असर सबसे ज्यादा दिखना चाहिए था वहां मतदान प्रतिशत गिरा। इसको लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि मुस्लिम वोटर्स तो बड़ी संख्या में पोलिंग स्टेशन तक पहुंचा लेकिन बीजेपी का वोटर घर से नहीं निकला। दूसरा अंदाजा ये है कि देश में जिस तरह का माहौल है और दस साल की सरकार के बाद जब वोटिंग कम होती है तो इसका फायदा सत्ताधारी दल को होता है। हकीकत में क्या होगा ये तो चार जून को पता लगेगा, लेकिन अब तक कैंपेन में जो दिखा उससे इतना तय हो गया है कि हमारे देश में विकास की बातें कितनी भी हों, योजनाएं कितनी भी अच्छी हों लेकिन चुनाव हिन्दू-मुसलमान के इश्यू के बगैर नहीं होता।

# राहुल-पित्रोदा इंडी गठबंधन पर भारी पड़ेंगे



असर
मनोज कुमार अग्रवाल
वरिष्ठ पत्रकार

कांग्रेस की तरफ से उछाले गए संपत्ति पुनर्वितरण और विरासत टैक्स के विचार कांग्रेस के साथ-साथ इंडी गठबंधन को भी भारी पड़ सकते हैं। भाजपा ने जिस तरह से कांग्रेस को घेरा है, अगले पांच चरण के चुनाव में इसका असर अवश्य दिखाई देगा। कहते हैं कि इंसान में अनुभव से समझ विकसित हो जाती है, लेकिन कांग्रेस के नेता व कथित नेहरू गांधी परिवार के चश्मे चिराग राहुल गांधी पर यह बात लागू नहीं होती है। हालांकि इस बार उन्होंने होमवर्क करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, लेकिन इसके बावजूद उनकी जुबान से निकल रहे बयान कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर ही भारी पड़ रहे हैं। वहीं कांग्रेस के एक सलाहकार और मास्टर माइंड सैम पित्रोदा ने ऐसे समय में माता पिता से मिलने वाली संपत्ति पर विरासत टैक्स लगाने की बात कहकर सारे खेल को ही बिगाड़ दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसको हाथों हाथ लिया है और प्रहार किया है है कि 'कांग्रेस का मंत्र लूट है, जो जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। राहुल और उनके सलाहकार देश के मध्यम वर्ग पर और अधिक टैक्स लगाने की योजना बना रहे हैं। माता-पिता से मिलने वाली सम्पत्ति पर भी विरासत टैक्स लेने की कांग्रेस की योजना है। कांग्रेस का पंजा आपके बच्चों का अधिकार छीनने के लिए व्याकुल है'।

चुनावी माहौल देखकर ऐसा लगता है मानो विपक्षी दलों का कुनबा इंडी गठबंधन सत्ताधारी दल से मुकाबला करने में जूझ रहा है। मतदाताओं को लुभाने के लिए वे किसी तरह की कमी नहीं छोड़ रहे। कांग्रेस ने तो गरीब महिला मतदाताओं को रिझाने के लिए 1-1 लाख रुपये देने की घोषणा भी कर डाली है। आरक्षण की सीमा तोड़कर 50 प्रतिशत से आगे ले जाने, जाति आधारित जनगणना जैसे वादे भी कांग्रेस कर रही है। दूसरी ओर, भाजपा ने हर बात को इस तरह पेश किया है कि कांग्रेस जो भी कह या कर रही है, वह देश के लिए अत्यंत खतरनाक है।

## बार-बार ऐसी गलतियां

वामपंथी सोच वाले सलाहकारों से घिरे कांग्रेस नेता राहुल गांधी अति-उत्साह में कई बार ऐसी बातें बोल जाते हैं, जिनसे भाजपा को बड़ा मुद्दा मिल जाता है। एकाध बार हो जाए तो वह चूक या गलती मानी जा सकती है, किन्तु राहुल से बार-बार ऐसी गलतियां होती हैं, जिनका लाभ भाजपा उठाती है। अब चुनावी सभा में राहुल ने कह दिया कि सत्ता में आने पर अमीरों का धन लेकर गरीबों में बांट देंगे। 7 अप्रैल को हैदराबाद में राहुल ने कहा, 'हम पहले यह निर्धारित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना करेंगे कि कितने लोग अन्य ओबीसी, एससी, एसटी और अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। उसके बाद, धन के समान वितरण को सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम के तहत हम एक वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण कराएंगे।' अब भाजपा ने इसे मुद्दा बना लिया है कि कांग्रेस पार्टी



की नजर आम आदमी की कमाई पर है, वह उसे छीनना चाहती है।

## विपक्ष पर हमला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'ताला नगरी' अलीगढ़ में चुनावी जनसभा में कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन (इंडिया) पर बेहद गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा, 'मैं देशवासियों को आगाह करना चाहता हूं कि कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी)का कहना है कि उनकी सरकार आई तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी संपत्ति है, उसकी करेंगे। इतना ही नहीं, वह कहते हैं कि यह जो संपत्ति है उसको अपने कब्जे में लेकर सबको बांट देगी। यह उनका चुनाव घोषणा पत्र है। वह सर्वे करना चाहते हैं कि जो नौकरी पेशा कर्मचारी हैं, उनकी कितनी संपत्ति है। यह सर्वे कराकर कांग्रेस सरकार के नाम पर संपत्ति को छीन कर बांटने की बात कर रही है। कांग्रेस यहां तक कह रही है कि अगर आपके पास दो घर हैं तो एक घर छीन लेगी। यह कम्युनिस्टों की सोच है, ऐसा ही करके कितने ही बर्बाद कर चुके हैं। अब यही नीति कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन में लागू करना चाहते हैं।' भाजपा ने यह भी कहना शुरू कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह कहते थे देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है, अब कांग्रेस आपकी संपत्ति छीनकर उनको बांटने की तैयारी कर रही है।

## सवाल यह भी है

कल्पना कीजिए कि यदि महिला वर्ग में यह धारणा घर कर गई कि कांग्रेस की नजर वास्तव में उनके गहनों पर है, तो क्या कोई महिला कांग्रेस उम्मीदवार को वोट देगी? केवल महिलाएं ही क्यों, यदि उच्च मध्यम वर्ग एवं अभिजात्य वर्ग में भी यह विचार आ गया तो वे भी कांग्रेस को वोट नहीं देंगे। यह तो असल में अपने पांव पर खुद कुल्हाड़ी मारने जैसा हो गया। बची कसर उनके तकनीकी गुरु सैम पित्रोदा ने कर दी है, जो इन दिनों अमेरिका में हैं। उनके बयान भी पैतृक सम्पत्ति पर कर लगाने की बात कर रहे हैं। पित्रोदा के बयान ने कांग्रेस की फजीहत और बढ़ा दी है। एक और कांग्रेस अपने नेता के बयान पर सफाई देने में जुटी थी इस बीच पित्रोदा भी फूट पड़े और सारा रायता दोबारा बिखर गया है।

## शब्दों का चयन

राहुल को अपने शब्दों का चयन बहुत सोच-समझकर करने की जरूरत है। उन्होंने धन के बंटवारे का जो शिगूफा छोड़ा है, वह न व्यावहारिक है और न ही उचित। यदि परिश्रम कर कमाने वालों का धन छीनकर निठल्लों को देने लगे तो देश में क्या स्थिति होगी, इसकी कल्पना मात्र डराने वाली है। ऐसी अराजकता पैदा करने वाली योजनाओं के बारे में सार्वजनिक दावे कोई भी राजनीतिक तौर पर परिपक्व नेता तो नहीं करेगा। रूस, वेनेजुएला की हालत लोग देख चुके हैं। अब भाजपा इसे मुद्दा बनाएगी और कांग्रेस सफाई देती रह जाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी राजनीति के मंजे खिलाड़ी हैं, उनका मुकाबला कर पाना राहुल जैसे नौसिखिए और समय की नजाकत से बेख़बर उनके कांवेंट शिक्षित सलाहकारों के वश की बात नही है। ऐसे कमजोर रणनीतिक माहौल में उन क्षेत्रीय दलों का भी नुकसान हो सकता है, जो अपने बूते पर मतदाता के बीच वजूद रखते हैं, लेकिन अपने गठबंधन के नेता के ऐसे बयान उनके वोटर्स को भी भ्रमित कर सकते हैं ऐसे गठबंधन को कौन वोट देगा, जिसके नेता माता पिता की सौंपी विरासत पर टैक्स लगाने की योजना बना रहे हैं। कांग्रेस की सोच सही समय पर सामने आ गई है अब इंडी और कांग्रेस दोनों की लुटिया डूबनी तय है।

# उत्तराखंड में 4 दिन से धधक रहे जंगल, 11 जिलों में 1780 एकड़ जंगल प्रभावित



देहरादून। गर्मी शुरू होते ही उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की घटनाएं अचानक बढ़ गई हैं। सबसे ज्यादा असर गढ़वाल और कुमाऊ मंडल के 11 जिलों में है। गढ़वाल मंडल में पौड़ी, रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, देहरादून और कुमाऊ मंडल में नैनीताल, बागेश्वर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और चंपावत जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। नैनीताल के भीमताल से सटे जंगलों में पिछले 4 दिनों से लगी आग शुक्रवार को खतरनाक हो गई। लपटें नैनीताल हाईकोर्ट कॉलोनी और आर्मी एरिया से कुछ दूर तक पहुंच गईं। अभी इलाका खाली नहीं कराया गया है।



### नैनीताल के जंगल की आग आईएएफ स्टेशन के पास पहुंची

हल्द्वानी जिले के नैनीताल में लगी आग अब वायुसेना स्टेशन तक पहुंच चुकी है। आग के तेजी से फैलाव को देखते हुए वन विभाग की मदद के लिए भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और भारतीय सेना को बुलाया गया है। आग बुझाने के काम में हेलीकॉप्टरों को लगाया है, स्थिति पर काबू पाने का प्रयास 36 घंटे से अधिक समय से चल रहा है। इस दौरान कई हेक्टेयर जंगल खाक हो चुका है।

### सीएम धामी बोले- जंगल की आग एक चुनौती

नैनीताल में लगी आग को लेकर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा, जंगल की आग हमारे लिए एक चुनौती है। ये बहुत बड़ी आग है। हमने सेना से मदद मांगी है। सरकार ने आग पर काबू पाने के लिए कदम उठाए हैं। मैं आज हल्द्वानी में एक बैठक करने जा रहा हूं। हमने इस संबंध में देहरादून में भी एक बैठक की है। आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं।

**आर्मी एरिया के करीब पहुंची आग, सेना अलर्ट**

**गढ़वाल और कुमाऊ मंडल में आग का असर सबसे ज्यादा**

**आग बुझाने के लिए एमआई-17 हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल**

**मुख्यमंत्री ने बुलाई हाईलेवल बैठक**

**नैनी झील में नौकायन गतिविधियों पर रोक**



**26 घटनाएं कुमाऊं क्षेत्र में**

- 5 घटनाएं गढ़वाल क्षेत्र में
- 33.34 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित
- 3700 कर्मचारियों को आग बुझाने लगाया

**आग से नुकसान और असर**

- 720 हेक्टेयर जंगल को नुकसान, यह आंकड़ा और बढ़ेगा
- कुमाऊं मंडल सबसे ज्यादा प्रभावित
- दो लोग घायल, 15 करोड़ रुपए का नुकसान
- जानवर रिहायशी इलाकों में भाग रहे
- धुएं से लोगों को सांस लेने में परेशानी

## कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक

# भारत के रक्षा सचिव ने आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस दृष्टिकोण अपनाने का किया आह्वान

एजेंसी ▶▶ अस्ताना

*कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक हुई। इसमें भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लिया।*

भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने 26 अप्रैल को कजाकिस्तान के अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में रक्षा सचिव ने एससीओ क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने एससीओ सदस्य देशों की समृद्धि और विकास के लिए आतंकवाद के सभी रूपों के प्रति ज़ीरो-टॉलरेंस दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक के दौरान सभी एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों द्वारा एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए। बैठक के उपरांत संयुक्त बयान में एससीओ के रक्षा मंत्रियों ने अन्य पहलों के अलावा, 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के विचार को विकसित करने पर सहमति व्यक्त की।





- *'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के विचार पर सभी ने दी सहमति*
- *अभिव्यक्तियों के खिलाफ शून्य-सहिष्णुता का रुख अपनाने की अनिवार्यता*
- *सभी एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों द्वारा एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए*
- *हिंद-प्रशांत के लिए सुरक्षा और विकास की अवधारणा पर भी प्रकाश डाला*

**सुरक्षा और समृद्धि के माहौल को बढ़ावा दें**

रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने आतंकवाद की सभी अभिव्यक्तियों के खिलाफ शून्य-सहिष्णुता का रुख अपनाने की अनिवार्यता पर जोर दिया और इसे एससीओ सदस्य देशों की समृद्धि और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण शर्त के रूप में मान्यता दी। समग्र दृष्टिकोण का उद्देश्य न केवल एससीओ ढांचे के भीतर बल्कि व्यापक भू-राजनीतिक परिदृश्य में सुरक्षा और समृद्धि के माहौल को बढ़ावा देना है। यह वार्षिक बैठक 25-26 अप्रैल तक अस्ताना में आयोजित की गई थी।

**भारत के प्रस्ताव का किया गया उल्लेख**

उल्लेखनीय है कि रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने संयुक्त राष्ट्र में अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के खिलाफ व्यापक सम्मेलन के भारत के लंबे समय से चले आ रहे प्रस्ताव का उल्लेख किया। इसके अलावा उन्होंने हिंद-प्रशांत के लिए भारत द्वारा प्रस्तावित 'क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (सागर-एसएजीएआर)' की अवधारणा पर भी प्रकाश डाला।

### कंबोज बोलीं- डिजिटल ढांचे से भारत में 80% लोगों तक पहुंची वित्तीय सुविधाएं

**न्यूयॉर्क।** डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर बोलते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत ने 6 वर्षों में 80% लोगों तक वित्तीय सुविधाएं पहुंचाई हैं। ऐसे डिजिटल बुनियादी ढांचे के बिना इस उपलब्धि में दशकों लगते। सुरक्षा परिषद में उन्होंने कहा कि भारत की यात्रा डिजिटल परिवर्तनों की शुरुआत करने वाले अन्य देशों को एक सबक प्रदान करती है। कंबोज ने कहा कि हम आज यहां भारत में अरबों लोगों के सशक्तिकरण का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए हैं।



## अब इसका कंट्रोल भारत को मिला | श्रीलंका में चीन ने करोड़ों डॉलर से बनवाया एयरपोर्ट

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

श्रीलंका में भारत और चीन के बीच प्रतिद्वंदिता लगातार जारी है। दोनों ही देश एक-दूसरे के हाथ से प्रोजेक्ट छीनने की फिराक में लगे रहते हैं, क्योंकि श्रीलंका में जिसके हाथों में ज्यादा प्रोजेक्ट रहेगा, हिंद महासागर में उसके पास उतनी ज्यादा बढ़त हासिल होगी। श्रीलंका में जिस मटाला राजपक्षे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को चीन ने 209 मिलियन डॉलर की लागत से बनवाया था, उस एयरपोर्ट के मैनेजमेंट की जिम्मेदारी भारत और रूस की कंपनी को अगले 30 सालों के लिए मिला गया है। सरकार के इस फैसले ने ड्रैगन के पैरों तले जमीन छीन ली है। श्रीलंकन कैबिनेट के एक बयान में शुक्रवार को कहा गया है, कि सरकार ने मटाला राजपक्षे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का मैनेजमेंट भारत को सौंपने को मंजूरी दे दी है।

### हवाई अड्डे का 2013 में हुआ था उद्घाटन

इस हवाई अड्डे का साल 2013 में उद्घाटन किया गया था। इस एयरपोर्ट का निर्माण विवादों में इसलिए घिर गया, क्योंकि इस एयरपोर्ट पर काफी कम कारोबार हो पाया। यहां काफी कम यात्री होने की वजह से लगातार उड़ानों की संख्या कम होने लगी और ये एयरपोर्ट पर्यावरण के लिहाज से भी काफी संवेदनशील साबित हो रहा है। बता दें, श्रीलंका, दर्जनों राज्य स्वामित्व वाली कंपनियों के ऊपर जो ऋण है और उसके जो घाटे हैं, उसे कम करने के लिए काम कर रहा है।








## बरामद हथियार जांच एजेंसी ने गुप्त रूप से रखे थे, ये गलत!

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने सीबीआई के खिलाफ चुनाव आयुक्त का दरवाजा खटखटाया है। टीएमसी ने शिकायत में कहा है कि सीबीआई ऐसे समय में विपक्ष के अभियानों का गला घोंट रही है। जब देश में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। ये शिकायती पत्र टीएमसी ने चुनाव कमिश्नर को गुरुवार शाम को भेजा था। बता दें कि एक दिन पहले ही संघीय एजेंसी ने विदेशों में बने हथियार और गोला-बारूद बरामद किया था, जिसके बाद एनएसजी कमांडो की टीमों को मौके पर तैनात किया गया है। ममता सरकार ने कहा कि कथित बरामद हथियार एजेंसी ने गुप्त रूप से रखे गए थे। इसके बाद खुद ही छापा मारकर इन्हें बरामद कर लिया गया। इस तरह की कार्रवाई किसी भी रूप में सही नहीं है।



### कंबोडिया: सैन्य अड्डे पर विस्फोट, 20 सैनिक मारे गए

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया में एक सैन्य अड्डे पर विस्फोट हुआ है। इस धमाके में 20 सैनिक मारे गए हैं। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मैनेट द्वारा यह जानकारी दी गई है। प्रधानमंत्री मैनेट सोशल मीडिया पर बताया कि शनिवार दोपहर कंबोडिया के पश्चिम में एक सैन्य अड्डे पर गोला बारूद विस्फोट में बीस सैनिक मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। पीएम मैनेट ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया है कि उन्हें कम्पोंग स्पू प्रांत में सैन्य बेस पर विस्फोट की खबर मिली।

### 10 मई को बाबा केदारनाथ धाम व 12 मई को खुलेंगे बदरीनाथ धाम के कपाट

**छह महीने के लिए बंद रहता है यह मंदिर**

# 5 मई को केदारनाथ की उखीमठ में होगी पूजा, 9 मई को पंचमुखी डोली केदारनाथ धाम पहुंचेगी

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड स्थित विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग बाबा केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई को प्रातः सात बजे खुलेंगे। चकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कपाट खुलने की तिथि तय की। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी मूर्ति की पांच मई को ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में पूजा होगी। पंचमुखी डोली छह मई केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान करेगी। यह डोली नौ मई की शाम केदारनाथ धाम पहुंचेगी। केदारनाथ भारत के उत्तराखण्ड राज्य के गढ़वाल मंडल के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित एक नगर है। यह ज़िले के मुख्यालय, रुद्रप्रयाग से 86 किमी दूर है। इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि इसका निर्माण पांडवों के पौत्र महाराजा जन्मेजय ने कराया था। यहां स्थित स्वयंभू शिवलिंग अति प्राचीन है। आदि शंकराचार्य ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया। अभी तक यह मंदिर नवंबर महीने के आस-पास बंद हो जाता है और छह महीने बाद अर्थात वैशाखी के बाद खुलता है। चार धाम यात्रा के लिए प्रशासन ने भी पूरी तैयारी कर ली है।

इसका निर्माण पांडवों के पौत्र महाराजा जन्मेजय ने कराया था



### गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुलेंगे अक्षय तृतीया पर

चमोली जिला स्थित विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट आगामी 12 मई (रविवार) को प्रातः 6 बजे खुलेंगे। चारधाम यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए उत्तराखंड का प्रशासन पूरी तरह से तैयारियों में जुटा हुआ है। इसके साथ ही चारधाम की यात्रा से पहले बदरीनाथ और केदारनाथ में अस्पताल शुरू हो जाएंगे। वहीं माना जा रहा है कि गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट अक्षय तृतीया के अवसर पर खोले जा सकते हैं। हालांकि , अभी इसकी घोषणा नहीं की गई है। बता दें कि हर साल लाखों की संख्या में भक्त केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए आते हैं। साथ ही उत्तराखंड स्थित चार धाम यानि केदारनाथ, बदरीनाथ गंगोत्री, यमुनोत्री के दर्शन करते हैं।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25